जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

चूरू

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

चूरू, रविवार 7 अगस्त, 2022

www.rera.rajasthan.gov.in | Rera No. RAJ/P/2021/1523, RAJ/P/2021/1526

## आलीशान 3 BHK कोठी सिर्फ 30 लाख में !

Kedia's THE KOTHI
भव्य·उत्कृष्ट·श्रेष्ठ

Phase 1st: 35 Lakh | Phase 2nd: 30 Lakh

900 Sq. Ft. बिल्ट-अप एरिया

Sirsi Road, Vaishali Extension, Jaipur

FIXED PRICE



www.rera.rajasthan.gov.in | Rera No. RAJ/P/2022/1900

## करोड़ो की 5 BHK कोठी अब 90 लाख में !

A Project By Kedia
THE KUNBA
बड़े परिवारों के लिए

2000 Sq. Ft. बिल्ट-अप एरिया

SHOPS 15 लाख

NO MIDDLE-MEN DIRECT TO CUSTOMER



Near MPS, Pratap Nagar, Tonk Road, Jaipur

KEDIA Transforming Realty

Toll Free: 1800-120-23-23 | 7877-07-27-37

www.kedia.com | www.kediahomes.com | info@kediahomes.com

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**मूर्ति के समान मनुष्य का जीवन सभी ओर से सुन्दर होना चाहिए। –सुकरात**

# वन और मानव स्वास्थ्य

हरियाली, प्राकृतिक वातावरण, वनों और उपवनों में प्रकृति-अनुभव या दीर्घकालिक जुड़ाव का प्रसन्नता में योगदान पर पूर्व में यहाँ प्रमाण-आधारित ठोस विश्लेषण प्रस्तुत किया गया था। परन्तु क्या यह हरियाली में किया गया व्यायाम और योग तुलनात्मक रूप से बेहतर स्वास्थ्य भी प्रदान करता है? वर्ष 2021 में प्रकाशित शोध को समाहित हर आज की चर्चा पुनः इसी विषय पर है।

जैसा कि पूर्व में बताया गया था, संहिताओं में स्वास्थ्य-रक्षण और रोगोपचार दोनों के लिये ऐसे अनेक सन्दर्भ हैं (देखें, च.चि.3.260-266; च.चि.2/3, 26-30, च.चि.4.106-109; च.वि.6.17, सु.उ.47.55-57 आदि)। उक्त सभी सन्दर्भ केवल उदाहरणार्थ और प्राचीनता दर्शित करने के उद्देश्य से उद्धृत किये गये हैं। समकालीन शोध में पिछले कई दशकों से विभिन्न विषयों के विद्वानों ने अपनी विधा के अनुसार इस बात की ओर ध्यान खींचा है कि प्रकृति से जुड़ने और मानव स्वास्थ्य में सुधार के बीच सकारात्मक संबंध है। यह आम समझ की बात है कि प्रकृति और पर्यावरण के सानिध्य में समय बिताना हमारे लिये स्वाभाविक रूप से अच्छा हो सकता है। प्राचीन सभ्यताओं के अवशेषों, प्राचीनकाल से चली आ रही सांस्कृतिक परम्पराओं और चिकित्सा पद्धतियों में इस बात के प्रमाण मिलते हैं कि मानव सभ्यता का अपने स्वास्थ्य, चिकित्सा और आध्यात्मिकता के लिये प्रकृति के साथ अन्योन्याश्रित जुड़ाव रहा है।

जहाँ तक हरियाली का शारीरिक और मनोरोगों को रोकने में योगदान है उस पर बहुत शोध है और उसका सम्पूर्ण विश्लेषण यहाँ देना संभव नहीं है। इस विषय में एक बेहद उपयोगी पुस्तक द एक्सपीरियंस ऑफ़ नेचर- अ साइकोलॉजिकल पर्सपेक्टिव वर्ष 1989 में प्रकाशित हुई थी। राचेल कपलान और स्टेफेन कपलान की यह पुस्तक इस विषय में विश्व की सर्वाधिक संदर्भित पुस्तक है जिसे लगभग 8000 प्रकाशनों में संदर्भित किया गया है। प्राकृतिक वातावरण, लोगों और उनके बीच के संबंधों काएक प्रमाण-आधारित लेखा-जोखा इस पुस्तक में है। लेखकों ने यह समझने की कोशिश की है कि लोग प्रकृति का अनुभव कैसे करते हैं और वे किस प्रकार के प्राकृतिक वातावरण पसंद करते हैं, वे जंगल के अनुभवों से क्या मनोवैज्ञानिक लाभ उठाते हैं, और हमारे आसपास के उद्यान लोगों के लिये क्यों महत्वपूर्ण हैं।

आयुर्वेद का लोक-पुरुष-साम्य सिद्धांत यह स्पष्ट करता है कि मानव और संसार एक समान हैं (च.शा.5.3: पुरुषोऽयं लोकसम्मितः) इस सिद्धांत के प्रकाश में देखने पर लोक या पृथ्वी के वातावरण का सीधा सीधा प्रभाव मानव के स्वास्थ्य पर पड़ता है क्योंकि लोक और पुरुष में समानता (च.शा.5.3: लोकपुरुषयोः सामान्यम्) होने से सामान्य-विशेष का सिद्धांत कार्य करता है। अर्थात सामान भावों को सामान भावों से मिलाने पर उस भाव की वृद्धि और असमान भावों को मिलाने पर ह्रास होता है। सत्य बुद्धि तभी प्रकट होती है या अकल तभी आती है जब स्वयं के अंदर प्रकृति को व प्रकृति के अंदर स्वयं को देखा जाये (च.शा.5.7): सर्वलोकमात्मन्यात्मानं च सर्वलोके सममनुपश्यतः सत्या बुद्धिः समुत्पद्यते। यहाँ पर लोक से तात्पर्य पूरी दुनिया के वातावरण से है जिसमें छः धातुयें पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश तथा आत्मा शामिल हैं (च.शा.5.7): षड्धातुसमुदायो हि सामान्यतः सर्वलोकः। इस सूची में आत्मा का शामिल होना आश्चर्यजनक नहीं मानना चाहिये क्योंकि पौधे, प्राणी और सम्पूर्ण जीवन भी लोक में शामिल है।

यहाँ यह बताना आवश्यक है कि ऐसा नहीं है कि प्रकृति के सभी आयाम स्वास्थ्यवर्धक और सुरक्षित ही हों। कई प्राकृतिक स्थल मानव में अकेले डर पैदा कर सकते हैं। जो हवा, पानी और मिट्टी स्वास्थ्य के लिये सर्वथा उपयुक्त होती है, वही प्रदूषित होने या प्राकृतिक आपदाओं के स्वरुप में आने पर स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हो सकती हैं। प्राकृतिक वातावरण के जो प्राणी बहुत सुन्दर लगते हैं उनमें से बहुत हिंसक भी हो सकते हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुये प्रकृति-अनुभव अपने अन्य रूपों में हमारे स्वास्थ्य की स्थिति को निर्धारित करते हैं। इस दृष्टिकोण से प्रकृति और पर्यावरण को निहारना, प्राकृतिक वातावरण में घूमना-फिरना स्वास्थ्यकर होता है।

प्रकृति-अनुभव किन कारणों से हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है? या अन्य शब्दों में कहें तो प्रकृति से जुड़ाव के स्वास्थ्यकर होने की मैकेनिज्म ऑफ़ एक्शन क्या है? अनेक अध्ययनों के प्रमाण स्पष्ट करते हैं कि प्रकृति का मानव शरीर और मन पर स्वास्थ्यकर प्रभाव स्वास्थ्य के विविध आयामों को बेहतर करने में प्राकृतिक वातावरणों की भूमिका के कारण होता है। उदाहरण के लिये प्रकृति-अनुभव से स्वास्थ्य में सुधार की मैकेनिज्म ऑफ़ एक्शन को मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद में कमी, मन की प्रसन्नता में बढ़ोत्तरी, अच्छी निद्रा, मनोहारी अनुभूति, दर्द-नियंत्रण, बेहतर सामाजिक संपर्क, व्यायाम में बढ़ोत्तरी, हृदय रोगों में कमी, प्रतिरक्षा तंत्र में सुधार आदि के प्रकाश में देखा जा सकता है।

> **यह आम समझ की बात है कि प्रकृति और पर्यावरण के सानिध्य में समय बिताना हमारे लिये स्वाभाविक रूप से अच्छा हो सकता है। प्राचीन सभ्यताओं के अवशेषों, प्राचीनकाल से चली आ रही सांस्कृतिक परम्पराओं और चिकित्सा पद्धतियों में इस बात के प्रमाण मिलते हैं कि मानव सभ्यता का अपने स्वास्थ्य, चिकित्सा और आध्यात्मिकता के लिये प्रकृति के साथ अन्योन्याश्रित जुड़ाव रहा है।**

शहरों में हरियाली से स्वास्थ्य लाभ के बारे में वर्ष 1800 के बाद से कई छिटपुट अध्ययन मिलते हैं और शहरी विकास में इन्हें शामिल करने के प्रयास भी दुनिया भर में हुये है। इन सब अध्ययनों में एक सन्देश मिल रहा था कि हरियाली को अनुभूत करना या हरियाली का एक्सपोज़र स्वास्थ्य के लिये लाभकारी है, परन्तु व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-एनालिसिस अब आना शुरू हुये हैं। हाल ही में हरियाली से मिलाने वाले लगभग 100 प्रकार के स्वास्थ्य-लाभ के निष्कर्षों वाले 143 अध्ययनों को शामिल कर एक मेटा-एनालिसिस की गयी। इससे कई रोचक परिणाम मिले। जैसे जैसे हरियाली के साथ जुड़ाव बढ़ा वैसे वैसे लार के कोर्टिसोल, हृदय गति, व डायस्टोलिक रक्तचाप में कमी पायी गयी। एचडीएल कोलेस्ट्रॉल व हृदय गति की परिवर्तनशीलता में बेहतरी हुई। समय-पूर्व प्रसव-जोखिम, मधुमेह, तथा समस्त-कारण मृत्यु दर (आल-कॉज मोर्टेलिटी) और हृदय रोग मृत्यु दर में भी कमी पाई गयी। स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, डिस्लिपीडेमिया, अस्थमा, और कोरोनरी हृदय रोग की घटनाओं में भी कमी होती गयी। अलग अलग अध्ययनों को देखने पर यह भी स्पष्ट हुआ कि स्वास्थ्य परिणामों में 66.7 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक बेहतरी हुई है। इनमें न्यूरोलॉजिकल, कैंसर, व श्वसन रोगों से मृत्यु दर में कमी भी पाई गयी (देखें, सी. टोहिग-बेनेट, ए. जोन्स, एनवायर्नमेंटल रिसर्च, 166: 628-637, 2018)।

इस विषय में सबसे भारी अध्ययन जिसका वित्त-पोषण विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा किया गया था, वह वर्ष 2019 में दुनिया के एक अगुआ जर्नल में प्रकाशित हुई। हरियाली को स्वास्थ्य-निर्धारक, स्वास्थ्य में सुधार, और विभिन्न प्रसन्नता के लिये उपयोगी माना जाता रहा है। इस व्यवस्थित अध्ययन में विश्व भर के अनुदैर्ध्य अध्ययनों से प्राप्त प्रमाणों की इस बात के लिये समीक्षा की गयी कि हरियाली, पार्क्स, गार्डन्स आदि की उपलब्धता का सकल मृत्यु दर में प्रभाव क्या है। इस मेटा-एनालिसिस में प्रारम्भ में 9298 अध्ययन और 13 अन्य अध्ययनों की पहचान की गयी। इनमें से 9234 (99 प्रतिशत) अध्ययनों को शीर्षक और सारांश जांचने के बाद अपग करते हुये शेष 77 अध्ययनों में से 68 (88 प्रतिशत) को सम्मिलित किया गया। उक्त के साथ ही मात्रात्मक मूल्यांकन हेतु नौ (12 प्रतिशत) अध्ययनों को शामिल किया। इनमें सात देशों के 8.32 लाख व्यक्ति शामिल थे। कुल मिलाकर निष्कर्ष स्पष्ट करते हैं कि आसपास की हरियाली और सकल-कारण मृत्यु दर के बीच एक व्युत्क्रम रिश्ते का प्रमाण पाया गया। कहने का तात्पर्य यह कि जैसे-जैसे हरियाली की उपस्थिति बढ़ती जाती है वैसे-वैसे सभी कारणों से मृत्यु दर में कमी आती जाती है। सन्देश यह है कि मानव समाज जहाँ रहता और काम करता है वहां हरियाली बढ़ाने और जैव-विविधता संरक्षण को बढ़ावा देना मानव स्वास्थ्य के लिये बहुत उपयोगी है (देखें, डी. रोजस रुएडा आदि, द लैंसेट प्लेनेटरी हेल्थ, 3,11:ई469-ई477,2019)।

एक अन्य महत्वपूर्ण मेटा-एनालिसिस में बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पर जांच की गयी कि गर्भावस्था में प्रतिकूल परिणामों पर आवासीय हरियाली का क्या प्रभाव रहता है। इसमें कुल 36 अध्ययन शामिल थे और कुल मिलाकर1.19 करोड़(11.9 मिलियन) प्रतिभागी थे। परिणाम स्पष्ट करते हैं कि हरियाली वाले स्थलों में जन्म के समय न्यूनतम वजन का जोखिम उच्च स्तर की हरियाली वाले समूह में काफी कम था। गर्भावधि उम्र कम रहने की संभावना भी उच्च हरियाली वाले क्षेत्रों में घटी पायी गयी। इसके अलावा अधिक हरियाली वाले क्षेत्रों में मातृ-जोखिम कम पाया गया और मानसिक विकारों में भी कमी पायी गयी। यह समीक्षा आवासीय हरियाली और गर्भावस्था के प्रतिकूल परिणामों के बीच एक उलटे रिश्ता होने की पुष्टि करती है। अध्ययन के निष्कर्ष स्पष्ट कर देते हैं कि हरियाली गर्भवती महिलाओं के लिये जोखिम घटाती है (वाइ. झान आदि, साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 718: आर्ट. 137420, 2020)।

हमारा समाज आज शहरीकरण, संसाधन-विदोहन और जीवनशैली में बदलाव के कारण प्रकृति-उन्मुखता से प्रकृति-विमुखता की ओर जा रहा है। इंसान और प्राकृतिक पर्यावरण के आपसी संपर्क की संभावनायें बहुत कम होती जा रहें हैं। संहिताओं, शोध और अनुभव की त्रिवेणी से उत्पन्न ज्ञान इस बात के पुख्ता प्रमाण दर्शित करता है कि प्रकृति-अनुभव मानव स्वास्थ्य के लिये अनिवार्य है। यह रिश्ता क्यों है, इस पर हुई शोध स्पष्ट करती है कि प्रकृति-अनुभव से स्वास्थ्य-लाभ के मूल में वायु गुणवत्ता, शारीरिक गतिविधि और व्यायाम, सामाजिक सामंजस्य और तनाव में कमी आदि कारक हैं।

इस तमाम चर्चा का मूल संदेश यह है कि पर्यावरण के साथ हमारे संबंध हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। प्रकृति-अनुभव अनेक रूपों में हो सकता है। हमारे आसपास हरियाली को बढ़ावा देना, वनों उपवनों में घूमना, प्राकृतिक स्थलों में सैर-सपाटा, प्रतिदिन समीपवर्ती बाग-बगीचों में जाकर कम से कम दो घंटे का समय बिताना, कार्य-स्थलों में हरियाली बढाने के लिये छोटे-छोटे गार्डन या बगीची विकसित करना, बैठने के स्थान में खिड़की से दिखने वाला हरा-भरा दृश्य, कार्यालय में पांच मिनट का ब्रेक लेकर हरियाली में टहल कर आना आदिसब छोटे-छोटे ऐसे कार्य हैं, जिनके माध्यम से हमारा प्रकृति के साथ जुड़ाव बना रहता है। इन सबमें सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह याद रखने योग्य है कि चूंकि प्रतिदिन व्यायाम और योग करना स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है अतः व्यायाम और योग हरे-भरे स्थल, बाग-बगीचों, नदी या झील के समीप किया जाये तो शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के लिये अधिक उपयोगी है। बच्चों को भी प्रकृति-अनुभव कराइये। हरियाली से जुड़ाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए परम आवश्यक है। जीवन के प्रारम्भिक काल में प्रकृति से जुड़ाव मानव और प्रकृति के मध्य आजीवन सार्थक रिश्ता बनाने हेतु आवश्यक है। प्रकृति के साथ जुड़े रहिये। योग और व्यायाम कीजिये। आनंदित रहिये। स्वस्थ रहिये।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# 75 साल बाद भी दर-दर की ठोकरें खा रहे नारायणपुर के गाड़िया लुहार

- नारायणपुर और आस-पास में गाडियां लुहारों के लगभग 50 परिवार तंबुओं में जीवन जी रहे हैं।
- सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा

**नारायणपुर, (निसं)।** हल्दी घाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप के साथ अपना घर बार छोड़ने वाले गाडिया लुहारों की हालत 500 साल बाद भी बदतर बनी हुई है। आज भी इन परिवारों के पास रहने को घर नहीं है और न ही कमाने खाने के लिए रोजगार का कोई साधन। देश को आजादी मिले भी 75 साल हो गए लेकिन आज तक किसी सरकार ने इन गाड़िया लुहारों की सुध नहीं ली है।

राज्य सरकार द्वारा गाड़िया लुहारों सहित अन्य घुमन्तु जातियों को एक स्थान पर स्थायी रूप से बसाने एवं इनको समाज की मुख्यधारा से जोडने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की गई थी। जैसे समस्त घुमन्तु जातियों को बिना किसी सर्वे के बीपीएल की श्रेणी में मानना। स्थायी आवास के लिए निःशुल्क भूमि का आवंटन किया जाना तथा महाराणा प्रताप आवास योजना के अंतर्गत आवंटित भूमि पर पक्के मकान बनाने के लिए अनुदान राशि स्वीकृत करना लेकिन संबंधित विभागों की उदासीनता के चलते घुमन्तु जातियों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाओं के



आजीविका के लिए तम्बू लगाकर संघर्ष कर रहें गाड़िया लुहार परिवार।

होने के बावजूद घुमन्तु जाति के परिवारों को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गाड़िया लुहार इन्द्रा देवी ने बताया कि नारायणपुर और आस-पास में गाडियां लुहारों के लगभग 50 परिवार अस्थाई रूप से रहते हैं। जमीन के अभाव में ये लोग तंबुओं में कष्ट भरा जीवन जी रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी की बात है रोटी की चिंता यानी कमाने की। आधुनिकता के चलते इनके बनाये औजार अब मशीनों से मुकाबला कर पाने में नाकाम हैं। जिसके कारण लुहारों के सामने परिवार पालने भर की कमाई नहीं हो पाती है। ज्यादतर परिवार सरकार की योजनाओं से बेखबर हैं। इस कारण वह सरकारी योजनाओं का लाभ ही नहीं उठा पाते। यह कहानी केवल नारायणपुर के आस-पास की ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के घुमन्तु गाडिया लुहारों की है। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन की यह जिम्मेदारी नहीं कि वो इनको योजनाओं की जानकारी दे और इनके पुनर्वास में सहयोग करे।

## तिरंगा लेकर निकले 2हजार स्कूली बच्चे



अलवर के एक निजी स्कूल के बच्चों ने तिरंगा रैली निकाली ।

- चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर बरसाए फूल

**अलवर, (निसं)।** आजादी के 75वें वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। शनिवार को अलवर शहर में ओसवाल जैन सीनयर सैकेंडरी स्कूल के करीब 2 हजार बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर शहर की सड़कों पर निलके। बच्चे एक सुर में वंदेमातरम और देश के शहीदों के जयकारे लगाते गए। नेहरू गार्डन में चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा तक पहुंचे। वहां चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प बरसाए।

स्कूल के प्रिंसिपल विनोद शर्मा ने बताया कि इस रैली में करीब 2 हजार बच्चों ने भाग लिया। सरकार ने डाक विभाग के जरिए आमजन को तिरंगा उपलब्ध कराने का इंतजाम किया है। वहां से केवल 25 रुपए में तिरंगा ले जा सकते हैं। इस बार 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने का अभियान है। अभी इसे अमृत महोत्सव की तैयारी हर तरफ नजर आने लगी हैं। डाक विभाग से अब तक 6 हजार से अधिक तिरंगा लोग लेकर जा चुके हैं।

## 28वां शान्ति वृक्ष मेहरानगढ़ में रोपा



पूर्व शासक गज सिंह, हेमलता राज्ये सहित कई विदेशी मेहमानों ने पौधा रोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

- भारत बना 17वां देश जहां यह वृक्षारोपण किया गया

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर के ऐतिहासिक मेहरानगढ दुर्ग में 28वां 'ट्री ऑफ पीस' (शान्ति वृक्ष) रोपण पूर्व शासक गज सिंह, हेमलता राज्ये, स्लोवक एम्बेसडर रोबर्ट मॅक्सिएन, जाना मॅक्सिएनोवा, अचलानन्द गिरी महाराज, डॉ मारेक सोबोला ने किया। इसी के साथ भारत 17वां देश इस सूची में शामिल हो गया है जहीं यह वृक्षारोपण किया गया।

उल्लेखनीय है कि यह पहल स्लोवक गणतंत्र के एन जी ओ सरवरे एट मनेरे ने शुरू की ताकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शान्ति, सदभावना एवं प्रकृति संरक्षण का सन्देश पहुंचे। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत 2018 में हुई तथा अभी तक 16 देशों में 27 शान्ति वृक्ष रोपण किये जा चुके हैं। यह प्रोजेक्ट विदेश मंत्रालय, स्लोवक गणतंत्र सरकार के सहयोग से आयोजित किया। जैसे-जैसे यह पहल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रही है वैसे ही इसका उद्देश्य भी बढ़ता जा रहा है। आपसी शान्ति, सदभावना के साथ ही इस पहल का उद्देश्य ऐतिहासिक स्मृति तथा प्रकृति को संरक्षित करना है।

वृक्षारोपण के साथ ही मेहरानगढ़ दुर्ग में बारिश शुरू हो गई। मारवाड़ में पौधारोपण करते हुए बारिश का शुरू होना एक शुभ संकेत माना जाता है। स्लोवक दूत रोबर्ट मॅक्सिएन एवं डॉ मारेक सोबोला ने पूर्व शासक गज सिंह को 'मेमोरियल मैडल ऑफ ट्री ऑफ पीस' से सम्मानित किया। यह उनके ऐतिहासिक तथा प्राकृतिक संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रसन्नपुरी गोस्वामी, रामजी व्यास, मेजर जनरल शेर सिंह, अरुण अग्रवाल, शैलेश माथुर, डॉ महेंद्र सिंह तंवर, घर्मांशु बोहरा आदि उपस्थित थे।

# डिग्गीपुरी लक्खी मेला परवान पर

**मालपुरा/डिग्गी, (निसं)।** डिग्गीपुरी लक्खी मेले में पिछले तीन दिनों से यात्रियों के आने का क्रम अनवरत जारी है, वहीं एकादशी ग्यारस तक लगातार यूं ही चलता रहेगा। रोज दर्जनों यात्राओं में लोग श्रीजी महाराज के पहुंचकर खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

तीन अगस्त को जयपुर ताडकेश्वर मंदिर से रवाना हुई पदयात्रा का ध्वज 7 अगस्त को सांय काल 5 बजे रोडवेज बस स्टैंण्ड से रवाना होगा जो सांयकाल आरती के समय 7 बजे डिग्गी मंदिर में चढाया जाएगा। वही जयपुर से आए हुए पदयात्रियों का सिलसिला चार तारीख से ही शुरू हो जाता है जो सात तारीख तक लगाजार चलता रहजा है। श्रद्धालु सुबह तीन बजे से ही अपने आराध्य देव के दर्शन पाने के लिए कतारों में लग जाते हैं। वहीं धार्मिक नगरी डिग्गीपुरी श्री जी महाराज के जयकारों से गुंजायमान रहा।

प्रशासन अपनी तैयारियां में श्रद्धालुओं की संख्या कोरोना काल खत्म होने के बाद पहली बार लग रहे मेले को लेकर दुगनी समझ रहा था। वहीं इस बार



डिग्गीपुरी लक्खी मेले में पिछले तीन दिनों से यात्रियों के आने का क्रम अनवरत जारी है।

श्रद्धालुओं की संख्या लगभग आधी ही नजर आई। जिला कलेक्टर चिन्मय गोपाल के निदेशों पर एडीएम प्रभाती लाल जाट मेले की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। वही मालपुरा उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार बैरवा, पुलिस उपाधीक्षक सुशी मान, नायब तहसीलदार चंद्रेशकर टांक, डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चोधरी मेले की लगातार मॉनिटिरिंग भी कर जायजा लेते रहे। ग्राम पंचायत की सरंपच हलिमा बानो, सरपंच प्रतिनिधि हकिम भाई, ग्राम विकास अधिकारी सूरेश चौधरी सहित ग्राम पंचायत प्रशासन भी मेले की व्यवस्थाओं को लेकर कंट्रोल रूम में जुटा हुआ है। मेले का समापन सात अगस्त को होगा। वही श्योपुर, सवाई माधोपुर, देवली सहित अन्य पदयात्राएं एकादशी को श्री जी महाराज के दर्शन करेगी। शनिवार को बस्सी गोंविदपुरा, मीनावाला, खेजडिया का रास्ता झोटवाडा सहित अन्य कहीं जगह से आई पदयात्रा डिग्गी श्री जी महाराज के दर्शन किए। टोंक आगर प्रबंधक डॉ एनके मीणा ने बताया कि टोंक डिपो के द्वारा लगाई गई बसों से जहां 2019 में 22 लाख के करीब आय हुई थी। वहीं इस बार पांच लाख के करीब आय हो चुकी है। वहीं जयपुर वैशाली नगर डिपो के चीप मैनेजर अनिल पारीक ने बताया कि 2019 के मुकाबले इस बार रोडवेज की इतनी आय नहीं हुई है। परन्तु अभी तक दो दिन बाकि है।

## राशिफल रविवार 7 अगस्त, 2022



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, अनुराधा नक्षत्र सांय 4:30 तक, ब्रह्म योग दिन 10:02 तक, तैतिल करण दिन 1:01 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मेष, बुध-सिंह, गुरू-मीन, शुक्र-कर्क, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। आज फ्रेंडशिप डे है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:37 से 9:15 तक, लाभ-अमृत 9:15 से 12:33 तक, शुभ 2:11 से 3:47 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:58, सूर्यास्त 7:07

**मेष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। घर-परिवार के कार्यों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। भागदौड़ रहेगी। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा।

**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**मिथुन**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**कर्क**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**तुला**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**वृश्चिक**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज कार्य योजनानुसार सम्पन्न हो सकते हैं। मनःस्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**धनु**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। धन प्राप्त हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**कुंभ**
अपने महत्वपूर्ण और आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। व्यक्तिगत खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

**मीन**
मनःस्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त हो सकते हैं। दिनचर्या व्यवस्थित होने लगेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 14 संख्याः 100 प्रभात चूरू, रविवार 7 अगस्त, 2022 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.



*टोक्यो ओलंपिक के सिल्वर मैडलिस्ट रवि दहिया ने कॉमनवैल्थ गेम्स में भी भारत का गौरव बढ़ाया है। रवि दहिया ने कुश्ती के पुरुष 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। रवि ने 57 किग्रा फाइनल में नाइजीरिया के वेल्सन एबीकेवेनिमो को तकनीकी श्रेष्ठता से हराकर स्वर्ण पदक जीता। कॉमनवैल्थ गेम्स में तीन बार के पदक विजेता वेल्सन मुकाबले की शुरुआत में रवि को पॉइंट स्कोर करने का कोई मौका नहीं दे रहे थे, लेकिन रवि ने अंततः उनके पैरों को जकड़कर पॉइन्ट्स की झड़ी लगा दी और कॉमनवैल्थ गेम्स में अपना पहला स्वर्ण हासिल किया। इसके अलावा पहलवान पूजा गहलोत ने 50 किग्रा के कांस्य पदक के लिए खेले गये मैच में स्कॉटलैण्ड की क्रिस्टेल लेमोफेक को मात दी।*

# जगदीप धनखड़ भारत के उपराष्ट्रपति निर्वाचित

## धनखड़ को 528 वोट मिले, इतने वोट तो उपराष्ट्रपति के चुनाव में कृष्ण कांत, भैरोंसिंह शेखावत, हामिद अंसारी, वेंकैया नायडू को भी नहीं मिले थे

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 अगस्त। भारत ने अपना नया उपराष्ट्रपति चुन लिया है। वह है राजस्थान के झुंझुनूं के मूल निवासी जगदीप धनखड़।

जगदीप धनखड़ को एन.डी.ए. प्रत्याशी के रूप में 528 वोट मिले, जबकि विपक्ष की मारग्रेट अल्वा के खाते में 182 वोट गए।

इस चुनाव की सबसे महत्वपूर्ण बात पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का वोटिंग में भाग ना लेने का निर्णय था। यह आश्चर्यजनक था क्योंकि जब धनखड़ पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे तब वह ममता के सभी कार्यों राजनीतिक निर्णयों में हस्तक्षेप किया करते थे और मुख्यमंत्री ने उनसे पीछा छुड़ाने के भरसक प्रयास किये थे।

और अन्ततः जब उन्हें वहां से

- **उपराष्ट्रपति चुनाव का एक रहस्यमय पहलू रहा ममता बनर्जी की भूमिका। हालांकि, उन्होंने धनखड़ को प. बंगाल के राज्यपाल के पद से हटाने के लिए ऐड़ी से चोटी तक का जोर लगा लिया, राज्यपाल के रूप में धनखड़ की भूमिका से तंग होकर, पर अंत में धनखड़ का जाना तय हो गया तो उन्होंने धनखड़ के खिलाफ वोट नहीं किये।**
- **उनके इस निर्णय को प्र.मंत्री मोदी के नज़दीक जाने का संकेत माना गया।**
- **धनखड़ की राजनीतिक यात्रा काफी रोचक रही है। पहले वे जनता दल में थे, फिर कांग्रेस से जुड़े और अन्ततोगत्वा भाजपा से नाता जोड़ा व प. बंगाल के राज्यपाल नियुक्त हुए।**

हटाकर उपराष्ट्रपति पद के लिए मोदी की पसंद के रूप में चयनित किया गया, तब भी ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) ने उनके खिलाफ वोट नहीं किया। वास्तव में उनकी पार्टी ने एक भी वोट नहीं डाला। इससे इन अटकलों को बल मिला है कि उन्होंने मोदी के साथ कोई सौदेबाजी कर ली है। ममता के 34 सांसदों ने वोट नहीं डाला।

धनखड़ राजस्थान विधानसभा में विधायक रहे और फिर केन्द्र की चन्द्रशेखर सरकार में मंत्री रहे। वह एक बार लोकसभा सांसद भी रह चुके हैं।

राज्यसभा में उनका प्रवेश पहली बार होगा क्योंकि वह कभी इसके सदस्य नहीं रहे।

चुनाव के पीठासीन अधिकारी उत्पल सिंह द्वारा उनकी जीत की घोषणा कर उन्हें सर्टिफिकेट देने के बाद उम्मीद है कि प्रधानमंत्री उनसे भेंट कर उन्हें जीत की बधाई देंगे।

अब लोकसभा और राज्यसभा दोनों के संचालन प्रमुख राजस्थान से हैं,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केन्द्रीय सरकार व तमिलनाडू लेई-देई में फंसे जी.एस.टी. के मसले पर

## निर्मला सीतारमन ने भाजपा की केन्द्रीय सरकार की ओर से मोर्चा संभाला, तमिलनाडू के वित्त मंत्री पी.टी.आर. ने पलट वार किये

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 अगस्त। अर्थशास्त्र या कहें कि अर्थव्यवस्था की सार-सँभाल तथा इश्यू वेलफेयर अर्थशास्त्र तमिलनाडु को केन्द्र के साथ सीधे टकराव की स्थिति में ले आया है।

संसद में महँगाई पर हुई बहस के दौरान, डी.एम.के. सदस्य कनिमोई की ओर से की गई आम आदमी के उपयोग में आने वाली जरूरी चीजों पर जी.एस.टी. लगाये जाने की आलोचना तथा तमिलनाडु के वित्त मंत्री द्वारा दिये गये पेट्रोलियम उत्पादों पर सैन्ट्रल एक्साइज में कटौती के सुझाव के दंशों से पीड़ित केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिल भाषा में जवाब दिया, उन्होने इसे राज्य का पाखंड बताया क्योंकि वह जी.एस.टी. पर हुए निर्णयों में शामिल है पर बाहर आकर इसकी आलोचना कर रहा है। केन्द्र द्वारा की गई एक्साइज कटौती की याद दिलाते हुए, सीतारमण ने पूछा कि आम आदमी को राहत देने के लिये तमिलनाडु वी.ए.टी. (वैट) में कमी क्यों नहीं कर

- **निर्मला सीतारमन ने पहला वार किया, यह कह कर कि, तमिलनाडू, जी.एस.टी. की बैठक में तो सभी प्रस्तावों पर सहमति जताता है, पर बैठक से बाहर आकर उन निर्णयों की कड़ी आलोचना करता है।**
- **तमिलनाडू के वित्त मंत्री पी.टी.आर. ने प्रत्युत्तर में कहा कि, जिस तरह का ''वोटिंग सिस्टम'' है जी.एस.टी. काउन्सिल में, उसमें 30 प्रतिशत वोटिंग राइट्स केन्द्रीय सरकार के पास रहते हैं, बाकी सभी राज्यों में बांटे जाते हैं, राज्य सरकार की आवाज में कुछ दम नहीं होता।**
- **पी.टी.आर. ने यह भी कहा कि, निर्मला सीतारमन, तमिलनाडू पर ताना मारती हैं कि, राज्य सरकार पैट्रोल व पैट्रोलियम उत्पादों पर टैक्स घटाने को तैयार नहीं, आम आदमी को रिलीफ देने के लिये। पर, वे (निर्मला सीतारमन) भूल जाती हैं कि, केन्द्रीय सरकार ने गत सात साल से पैट्रोल, डीज़ल पर टैक्स में कई बार बढ़ोतरी की है, जबकि तमिलनाडू सरकार ने एक बार भी टैक्स नहीं बढ़ाया।**
- **पी.टी.आर. ने यह भी कहा कि, जब से जी.एस.टी. व्यवस्था लागू हुई है, राज्य सरकारों के पास आमदनी का कोई और स्रोत नहीं रह गया है, अतः वे पैट्रोल पर टैक्स कम करके, अपने आर्थिक साधन कितना घटा दें।**

सका। उन्होंने चुनावी वादों को पूरा नहीं करने के लिये तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी की कटु आलोचना की। उसके बाद, तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ हमलों की भी शुरुआत कर दी।

भाजपा नेताओं का कहना है कि जहाँ केन्द्र ने पेट्रोल तथा डीज़ल की एक्साइज ड्यूटी में क्रमशः 14.50 रू. तथा 17 रू. की बड़ी कटौती कर दी है, वहीं राज्य सरकार ने वैट में मात्र 3 प्रतिशत कटौती की है तथा केन्द्र को जन-कल्याण पर भाषण दे रही है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रिलायंस बनाम सेबी

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 अगस्त। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को अपने एक फैसले में सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड (एस.ई.बी.आई.) ऑफ इंडिया की खिंचाई की क्योंकि उसने न्यायमूर्ति (सेनि) बी. एन. श्रीकृष्ण की राय के कुछ

- **सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2002 में एस. गुरूमूर्ति की शिकायत पर दर्ज केस में रिलायंस के पक्ष में फैसला सुनाया और सेबी को कड़ी फटकार लगाई व कहा कि, रिलायंस को जस्टिस बी.एन. कृष्णा की राय के सभी दस्तावेज उपलब्ध करवाए।**

अंशों की ''चैरी-पिंकिंग की थी, जबकि उस सूचना को प्रकट करने के लिये इनकार कर दिया गया था, जो रिलायंस इन्डस्ट्रीज लिमिटेड (आर.आई.एल.) को दोष मुक्त किये जाने से सम्बन्धित थी।

यह केस उस याचिका से सम्बन्धित है, जो सुप्रसिद्ध चार्टर्ड अकान्टेंट एस.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पूर्व मु.मंत्री पलानीस्वामी ने डी. एम. के. की पूर्ण बागडोर संभाली

## पर पलानीस्वामी व पनीरसेल्वम की, पार्टी पर एकाधिकार की लड़ाई ने भाजपा का रास्ता साफ किया, तमिलनाडू में प्रवेश करने का

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 अगस्त। तमिलनाडू की मुख्य विपक्षी पार्टी ए.आई.ए.डी.एम.के. अर्थात अन्नाद्रमुक जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री एडापड्डी पलानिस्वामी ने कब्जा कर लिया है, की आपसी लड़ाई ने सत्तारूढ़ डी.एम.के. को एक तरह से खुली छूट दे दी है।

विपक्षी ए.आई.ए.डी.एम.के. के सबसे बड़े दो नेताओं एवं पूर्व मुख्यमंत्रियों पलानिस्वामी और ओ. पनीर सेल्वम (ओ.पी.एस.) के बीच एक-दूसरे को खत्म करने की लड़ाई का खात्मा पलानिस्वामी के पार्टी पर अपना पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने और अपने शत्रु को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से हटाने के साथ हुआ।

पार्टी से निष्कासन होने के बाद ओ.पी.एस. पार्टी का पूर्ण नियंत्रण पलानिस्वामी को सौंपने वाली पार्टी की कार्यवाहियों को रद्द करवाने के लिए एक के बाद एक कोर्ट का दरवाजा खटखटाते रहे हैं। उनका अंतिम विधिक कदम गुरूवार को सुप्रीम कोर्ट की शरण लेना था, जिसमें उन्होंने मद्रास हाई कोर्ट के उस निर्णय को पलटने की मांग की

- **भाजपा के इस प्रयास को मजबूती मिल रही है, नये प्रदेशाध्यक्ष अन्नामलाई की सक्रियता से।**
- **अन्नामलाई, कर्नाटक कैडर के आई.पी.एस. अफसर हैं तथा तमिलनाडू में आम जनता को छूने वाले मामलों को पुरज़ोर ढंग से उठा रहे हैं।**
- **केन्द्र में भी भाजपा की ही सरकार है, इससे अन्नामलाई का काम कुछ आसान हो जाता है, छोटी-छोटी पार्टियों का डी.एम.डी.के. से गठबंधन कराने में।**
- **जैसा कि विदित ही है, गत लोकसभा चुनाव में तमिलनाडू की 39 सीटों में से एक को छोड़कर सभी सीटों पर डी.एम.के. ने जीत हासिल की थी। अब अगर भाजपा छोटी-छोटी पार्टियों से गठबंधन कर, एक सशक्त विकल्प प्रस्तुत करती है डी.एम.के. का, तो वाकई में अन्नामलाई की भारी सफलता मानी जायेगी।**

जिसके तहत ए.आई.ए.डी.एम.के. मुख्यालय का स्वामित्व पलानिस्वामी को दे दिया गया था। वास्तव में मद्रास हाई कोर्ट ने अपने एक अलग आदेश में ए.आई.ए.डी.एम.के. की जनरल काउन्सिल की एक मीटिंग करने की भी अनुमति प्रदान की थी जिसमें ओ.पी.एस. को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अन्ततः निष्कासित कर दिया गया और ई.पी.एस. को ए.आई.ए.डी.एम.के. अंतरिम महासचिव चुन कर उन्हें पार्टी का पूर्ण नियंत्रण सौंप दिया गया था।

पार्टी के समन्वयक एवं अपने विरोधी ओ.पी.एस. को पार्टी से बाहर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पानी निकासी

सुजानगढ़ , 6 अगस्त (निसं)। गैनाणी से ताल की ओर पानी निकासी के लिए डाली गई पाईप लाईन के बार-बार लीकेज की समस्या को दूर करने के लिए नगरपरिषद द्वारा शीघ्र ही नई पाईप लाईन डाली जायेगी। नगरपरिषद आयुक्त कमलेश कुमार मीणा ने बताया

- **45 साल पहले पानी निकासी के लिए डाली गई पाइप लाईन के ऊपर बना लिए मकान, लीकेज से आया घरों में पानी, अब 75 लाख रूपये की लागत से नगर परिषद डालेगी नई पाईप लाईन।**

कि गैनाणी से ताल में पानी छोड़ने के लिए 45 साल पहले, वर्ष1977 में पाईप लाईन डाली गई थी, जो बार बार लीक हो रही थी, और इससे कभी भी भारी समस्या आ सकती थी। प्रशासन आपदा के तहत 70 से 75 लाख रु. तक एस्टीमेट बनाकर टेंडर निकाल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्र.मंत्री व गृह मंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं, वरूण गांधी की ''अठखेलियों'' पर ध्यान न दें?

## हाई कमान का शायद मानना है कि, वरूण गांधी के खिलाफ कार्यवाही करने से बेवजह मेनका गांधी के भाजपा में प्रवेश व मंत्री के रूप में भूमिका चर्चा का विषय बनेगी

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 6 अगस्त। अक्खड़ स्वभाव के भाजपा नेता वरूण गांधी, जो तीन बार लोकसभा सांसद रहे हैं, द्वारा अपनी पार्टी, सरकार तथा नेतृत्व के खिलाफ किए गए कटाक्षों तथा अनेक बार की गई कटु निन्दा के बावजूद सत्तारूढ़ भाजपा किसी प्रकार के उकसावे में नहीं आ रही हैं। उनका नवीनतम निशाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं जिनके विपक्ष पर किए गए ''रेवड़ी'' कटाक्ष पर वरूण ने तीखी टिप्पणी की जो चर्चा का विषय बन गई है।

पीलीभीत सांसद वरूण गांधी ने

- **पर, भाजपा हाई कमान के इस अभय दान का भरपूर ''लाभ'' उठा रहे हैं वरूण गांधी।**
- **उन्होंने नवीनतम खिल्ली, प्र.मंत्री मोदी के राजनीतिक दलों की ''रेवड़ी सभ्यता'' के खिलाफ दिये गये भाषण की उड़ाई।**
- **वरूण गांधी ने भाजपा सांसद निशीकांत दुबे द्वारा संसद में दिये भाषण को लक्ष्य बनाकर कहा, ''वे (निशीकांत दुबे) चाहते हैं, भारत की जनता प्र.मंत्री का आभार माने कि 80 करोड़ लोगों को 5 किलो राशन फ्री बंटवाया।**
- **वरूण ने कहा कि, इसी दौरान केन्द्रीय सरकार ने 10 लाख करोड़ रूपये के ऋण माफ किये, मित्र उद्योगपतियों के।**

अपनी सरकार पर तीखा व्यंग्य उस समय किया, जब भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने संसद में कहा कि जनता को मुफ्त राशन देने के लिये सरकार को बधाई दी जानी चाहिये। पिछले पाँच सालों में डूबत ऋण की बहुत बड़ी राशि, जिसे ''राइट ऑफ'' (माफ) कर दिया, की तुलना मुफ्त राशन देने से करते हुये, वरूण ने हिन्दी में ट्वीट किया, ''जो सदन गरीबों को 5 किलो राशन मुफ्त देने के लिये ''धन्यवाद'' की अपेक्षा करता है, वही सदन यह भी बताता है कि पिछले पाँच सालो में 10 लाख करोड़ रू ऋण को माफ कर दिया गया है।

वरूण आगे कहते हैं, ''मुफ्त रेवड़ी'' वाली सूची में सबसे ऊपर मेहुल चोकसी तथा ऋषि अग्रवाल के नाम है। सरकारी फंड पर पहला अधिकार किसका है?''

उनकी इस पोस्ट के साथ ही, वित्तराज्य मन्त्री भागवत के. कराड़ द्वारा संसद में पेशस किये गये आँकड़े भी दिये हुये हैं।

निशिकान्त दुबे ने अभी हाल ही में लोकसभा में कहा था कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने के लिये मोदी सरकार को बधाई दी ही जानी चाहिये।

प्रधानमंत्री ने पिछले माह उस समय एक उपद्रव खड़ा कर दिया था, जब उन्होंने ''रेवड़ी कल्चर'' के खिलाफ जनता को चेतावनी दी थी।

उत्तर प्रदेश में एक एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करने के बाद, जन समुदाय को सम्बोधित करते हुये, मोदी ने कहा था, कि मुफ्त चीजें देने के वादों पर वोट माँगने की राजनैतिक दलों की प्रवृत्ति देश के लिये खतरनाक हो सकती हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# धमोरा गांव का लाडला

गुढ़ागौड़जी, 6 अगस्त (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती गांव धमोरा की जाखड़ों की ढाणी का दुष्यंत सिंह जाखड़ थाईलैंड के नाखोन-पथोम शहर में वॉलीबाल आयोजित होने वाले सात दिवसीय ए.वी.सी. कप में भारतीय पुरुष टीम का नेतृत्व करेगा। भारत की19 सदस्यीय टीम शुक्रवार को कोलकाता के नेताजी सुभाषचंद्र बोस एयरपोर्ट से थाइलैंड के लिए रवाना हुई।

- **धमोरा गांव के दुष्यंत सिंह जाखड़ थाईलैंड में हो रही ए.वी.सी. कप वॉलीबॉल में भारतीय टीम के कप्तान बनाए गए हैं।**

भारतीय वॉलीबाल महासंघ के सचिव अनिल चौधरी ने ए.वी.सी. कप में भाग लेने वाली भारतीय टीम की घोषणा की थी। यह टीम थाइलैंड में दुष्यंतसिंह जाखड की कप्तानी में चैम्पियन बनने के लिए दमखम दिखाएगी। दुष्यंत का परिवार भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जालोर जिले में गायों में फैल रही है लम्पी स्किन बीमारी

## भामाशाह गायों के लिए चारा व पानी की व्यवस्था में जुटे, उपचार के अभाव में गाय दम तौड़ रही हैं

**जालोर, (कासं)।** जिले भर में गायों में लम्पी स्किन बीमारी तेजी से फैल रही है। भामाशाह गायों के लिए चारा व पानी की व्यवस्था में जुटे हुए हैं। लेकिन गायों के मरने का सिलसिला जारी है। उचित उपचार के अभाव में गाय तडप तडप कर दम तौड़ रही है।

जालोर जिले के बागरा कस्बे में ग्राम पंचायत व ग्रामीणों के सहयोग से बीमारी गायों के लिये भीनमाल रोड साँवलाजी मन्दिर के पास खाली पड़ी जमीन पर एक गौशाला की व्यवस्था की है। जिसमें ग्राम पंचायत द्वारा ट्रेक्टर कर गांव में जगह -जगह जो लम्पी स्किन बीमारी से पीड़ित गायें खड़ी हैं उनको गौशाला में लाया जा रहा है। उस गौशाला में बीमार गायों के लिये चारा पानी दवाई की व्यवस्था की गई है। भामाशाहों के द्वारा पीड़ित गायों पर फिटकरी,नीम आदि से बनी दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है।

इस गौशाला का सरपंच सत्यप्रकाश राणा ने शनिवार को निरीक्षण किया तथा बीमारी से पीड़ित गायों को हर सम्भव सहायता देने की बात कही। पशु चिकित्सक इमरान खान इलाज में जुटे हैं। इस अवसर पर भामाशाह थानमल प्रजापत, कृष्णपाल सिंह सिंधल,गोपाल सिंह मोक राजपुरोहित, भगवत सिंह,पंचायत सहायक हरीश रांगी सहित कई गौसेवक मौजूद रहे।


सामाजिक संगठन के लोगों ने गोशाला में सोडियम हाइपो क्लोराइड का छिड़काव किया।

- बागरा कस्बे में भीनमाल रोड सांवलाजी मन्दिर के पास संक्रमित गायों के लिए गौशाला बनाई

जिला कलैक्टर के निर्देशानुसार जिलेभर में उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों एवं विकास अधिकारियों द्वारा लंपी स्किन डिजीज के संबंध में सारणेस्वर गौशाला (महेशपुरा), जालंधरनाथ गौशाला, अरणाय गौशाला, तिलोदा, मेंगलवा गौशाला, कृष्ण गौशाला (लेटा), सांकरणा गौशाला, कागमाला गौशाला, भापड़ी गौशाला, मालवाड़ा गौशाला, भागल सेफ्टा, सुरेस्वर गौशाला (ऊन) सहित जिले में स्थित विभिन्न गौशालाओं में पशु चिकित्साधिकारियों के साथ पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी।

# लम्पी डिजीज को लेकर सामाजिक संगठन आगे आए

- तारा संस्था, विहिप, ओम माधव सतिति सहित पीपाड़ के युवा गौ सेवा में जुटे

**जोधपुर, (कासं)।** प्रदेश के साथ मारवाड़ में तेजी से पैर पसार रहे लंपी वायरस को लेकर प्रशासन के साथ अब सामाजिक संगठन भी आगे आने लगे है। कोई नीम-गिलोय और हल्दी के लड्डू बनाकर गायों को खिला रहे हैं तो कोई गायों के बाड़े में हाइपो और कीटनाशक दवाओं का छिडक़ाव कर रहे हैं। वहीं कोई गायों के लिए आयुर्वेदिक चाटा बनाकर खिला रहा है।

तारा सेवा संस्थान ने बनाड़ रोड गिरिजा नगर में पालतू गायों को लंपी बीमारी से बचाने के लिए घर-घर और गोशालाओं में सर्वे कर सोडियम हाइपो क्लोराइड का छिडक़ाव किया।

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग ने 6 टोलियां बना 6 स्थानों पर 6 हजार औषधियुक्त लड्डू बना बीमार गायों को खिलाने का अभियान शुरू किया। इसमें विहिप के अनिल अग्रवाल, जितेंद्र शर्मा कृष्णा वैष्णव के नेतृत्व में टीमें जुटी हैं।

ओम माधव गो सेवा समिति अध्यक्ष राहुल सोलंकी व अरुण सोलंकी ने बताया कि गायों को हल्दी, काली मिर्च, देसी घी आदि से चाटा बनाकर सुबह-शाम खिला रहे हैं।

गोवंश बचाओ अभियान के तहत ग्राम पंचायत सांगरिया में पशुओं में फैल रही लंबी बीमारी से बचाव के लिए इंजेक्शन लगाए गए।

पीपाड़ शहर के युवाओं ने त्वरित रूप से अपने स्तर पर व्हाट्सऐप ग्रुप बनाकर स्वयं के स्तर पर वित्तीय सहायता राशि एकत्रित कर क्षेत्र के गोवंश की देखभाल एवं बचाव करने की दिशा में कार्य करना आरंभ कर दिया।

युवाओं की पहल और अनुकरणीय भागीदारी की सराहना करते हुए उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने कहा कि इससे आम जन में प्रेरणा का संचार होगा।

# पावटा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लंपी वायरस के मामले मिले

- डॉक्टरों की टीम गठित कर किया जा रहा उपचार

**पावटा, (निसं)।** राजस्थान में तेजी से फैल रही संक्रामक बीमारी लंपी स्किन गौवंश के लिए जानलेवा हो गई है। विशेषकर गौशालाओं में इस रोग का अटैक सबसे अधिक देखने को मिल रहा है।

दरअसल लंपी स्किन डिजीज संक्रमण को लेकर उपखंड पावटा में प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हेने के बाद भी यह पावटा शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रोग धीरे धीरे पनप रहा है।

विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में बीमारी से ग्रसित गांवों को देखकर विधायक इंद्राज गुर्जर ने पशु विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए गांवों में पशुओं के इलाज के लिए डॉक्टरों की टीम गठित की। पावटा क्षेत्र में लंपी स्किन बीमारी से ग्रसित पांच गौवंशों की सूचना पर मौके पर पहुंचे एलएसए गोविन्द भारद्वाज ने स्वयं के खर्चे पर ही उपचार किया। चरवाहों का एक समूह लो लगभग 40 से 50 गाय लेकर जा रहा था। डॉ. गौरीशंकर शर्मा ने उन्हें रोककर उन गायों को देखा तो उनमें एक गाय संक्रमित पायी गयी। जिस पर भारद्वाज को मौके पर बुलाकर गौवंश का उपचार करवाया गया।

# राताकोट में लंपी वायरस की दस्तक

**बांदनवाड़ा, (निसं)।** भिनाय उपखंड की पंचायत राताकोट में एक गाय ल म्पी वायरस के संक्रमण की संदेहास्पद पाई गई। रामल ाल रिणवा ने बताया कि पशुपाल क रामधन थरौदा की गाय लंपी वायरस के संक्रमण से ग्रसित पाई गई जिसकी पुष्टि पशु चिकित्सक अरविंद कुमार ने की है। संक्रमित गाय का शनिवार को पशु चिकित्सा कर्मियों की टीम ने गांव राताकोट पहुंचकर उपचार किया।

# सीएमओं से हरी झंडी का हो रहा है इंतजार, जल्द होंगे शिक्षक तबादले

- सीएम सचिवालय से भी ट्रांसफर लिस्ट 'वेरिफाई' हो रही है

**बीकानेर, (कासं)।** तबादलों पर रोक हटने के बाद आदेशों की झड़ी लगाने वाले शिक्षा विभाग में इस बार जल्दबाजी नहीं है, बल्कि ट्रांसफर का इंतजार कर रहे टीचर्स भी परेशान हो गए हैं। स्कूल्स में सेशन शुरू हुए एक महीने से ज्यादा वक्त हो गया लेकिन ट्रांसफर लिस्ट जारी नहीं हुई। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री सचिवालय से हरी झंडी मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

दरअसल, शिक्षा विभाग ने ट्रांसफर लिस्ट को अंतिम रूप दे दिया था। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय से जयपुर पहुंची टीम के मुताबिक काम होता तो अब तक ट्रांसफर आदेश तो दूर ज्वाइनिंग भी हो जाती। इसके विपरीत ट्रांसफर लिस्ट में बार बार फेरबदल हो रहा है। इस बार मुख्यमंत्री सचिवालय से भी ट्रांसफर लिस्ट 'वेरिफाई' हो रही है। वहीं पहले से बनी लिस्ट्स में बार- बार फेरबदल हो रहा है। यही कारण है कि ट्रांसफर लिस्ट में नित नई अड़चन आ रही है।

एक अनुमान के मुताबिक प्रिंसिपल और हेडमास्टर के साथ ही लेक्चरर और ग्रेड सेकंड के ट्रांसफर की लिस्ट तैयार है। इस ट्रांसफर से पहले महात्मा गांधी स्कूल्स में प्रिंसिपल व हेडमास्टर लगाए जाने थे। अब वो काम भी लगभग हो चुका है। ग्रेड सेकंड के टीचर्स को भी महात्मा गांधी स्कूल के लिए चयनित किया जा रहा है। इस चयन के बाद ग्रेड सेकंड की लिस्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा। जबकि प्रिंसिपल व हेडमास्टर के साथ लेक्चरर की लिस्ट तैयार है। वहीं समसा में भी बड़ी संख्या में टीचर्स का डेपुटेशन होना था। यहां लेक्चरर को छोड़ सभी के डेपुटेशन का काम हो चुका है। महात्मा गांधी स्कूल्स में प्रिंसिपल की लिस्ट एक बार जारी हुई लेकिन बाद में स्थगित कर दी गई।

इस कारण प्रिंसिपल ट्रांसफर लिस्ट में भी फेरबदल हो रहा है। बताया जा रहा है कि अब सोमवार से ट्रांसफर का सिलसिला शुरू हो सकता है। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने शनिवार को भी अधिकारियों के साथ मीटिंग की है। अब नए सिरे से मशक्कत करके जल्द से जल्द ट्रांसफर करने के निर्देश दिए गए हैं।

# लोकार्पण से पहले ही जगह-जगह से उखड़ी सड़क


मिसिंग लिंक योजना के तहत बनी सड़क कुछ महिनों में ही उखड़ी।

- 78 लाख 50 हजार रुपए की लागत से हुआ 2.90 किमी सड़क का निर्माण

**चौंमू/ कालाडेरा, (निसं)।** मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत 78 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सार्वजनिक निर्माण विभाग के द्वारा 2.90 किमी सड़क का निर्माण कार्य मिसिंग लिंक योजना के तहत कालाडेरा से भीलपुरा तक वाया चाहरों की ढाणी तक किया गया। जिस सड़क का लोकार्पण विधायक रामलाल शर्मा के द्वारा किया जाएगा उस सड़क को बने हुए अभी लगभग 2 महीने भी पूरे नहीं हुए हैं। सड़क मानसून कि पहली बारिश में ही जगह-जगह से टूट कर उखड़ चुकी है साथ ही सड़क टूटने के कारण बारिश का पानी भी सड़क पर भरा है वहीं सड़क के दोनों और कई जगह तो अभी भी मोहरम डाल कर पट्टी बनाना बाकी है।

गौरतलब है कि सड़क का शिलान्यास 15 अक्टूबर 2021 को चौंमू विधायक रामलाल शर्मा के द्वारा किया गया था। वहीं विभाग के द्वारा जो सूचना बोर्ड लगाया गया है उस बोर्ड पर कार्य प्रारंभ करने की तिथि 3 अक्टूबर 2021 एवं नियत समाप्ति तिथि 2 जून 2022 लिखी हुई है। लेकिन अभी तक भी सड़क का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है साथ ही घटिया निर्माण कार्य के कारण सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है। वहीं लोकार्पण कार्यक्रम कि सूचना मिलने के बाद कार्यक्रम में आने वाले जनप्रतिनिधियों को घटिया निर्माण कार्य का पता ना चले इसको लेकर ठेकेदार के द्वारा आनन-फानन में पेच वर्क करने का काम भी किया जा रहा है।

# एएसआई घूस लेते ट्रैप

**श्रीगंगानगर,(निसं)।** एंटी करप्शन ब्यूरो की श्रीगंगानगर चौकी ने शनिवार को श्रीगंगानगर में कार्रवाई करते हुए श्रीकरणपुर थाने के एएसआई को धर दबोचा। एएसआई ने एक मामले में एफआर लगाने की एवज में पहले पचास हजार रुपए रिश्वत की मांग की। अंत में पंद्रह हजार रुपए लेने पर सहमत हो गया। गुरुवार को रिश्वत मांग सत्यापन करवाया गया। वेरिफिकेशन हो जाने पर शनिवार को एसीबी ने डीएसपी वेदप्रकाश लखोटिया के निर्देशन में कार्रवाई कर आरोपी को धर दबोचा। आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। श्रीगंगानगर की सिंधी कॉलोनी के रहने वाले उग्रसेन पुत्र धर्मपाल मूल रूप से श्रीकरणपुर के गांव मुकन का रहने वाला है। उसके खिलाफ श्रीकरणपुर थाने में मामला दर्ज था। उग्रसेन की शिकायत पर एसीबी ने रिश्वत मांग का सत्यापन करवाया तो मामला पंद्रह हजार रुपए देने पर तय हो गया। वेरिफिकेशन के वक्त गुरुवार को आरोपी उग्रसेन ने दस हजार रुपए शेष पांच हजार रुपए शनिवार को देना तय हुआ। शनिवार को उग्रसेन पांच हजार रुपए रिश्वत राशि देने के लिए पहुंचा। इसी दौरान एसीबी ने जाल बिछा लिया। मौके पर आरोपी के रिश्वत राशि लेने के साथ ही एसीबी टीम ने उसे धर दबोचा।

- मामले में एफआर लगाने की एवज में मांगी थी 15 हजार रुपए रिश्वत

# नाकाबंदी में कांस्टेबल शहीद, पुलिस महकमे में छाया शोक


घटना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची व लोगों की भीड़ लग गई।

- तेज रफ्तार कार पहले डिवाइडर से टकराई बाद में कांस्टेबल रमेश को चपेट में ले लिया
- कार और खंभे के बीच फंस गया था कांस्टेबल रमेश विश्नोई
- साल भर पहले हुई थी शादी

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नरेट के जिला पश्चिम के कुड़ी थाने में तैनात कांस्टेबल रमेश विश्नोई रात को ड्यूटी करते शहीद हो गये। एक अधिवक्ता की कार ने ड्यूटी करते जोरदार टक्कर मारी। अस्पताल ले जाने के कुछ देर बाद निधन हो गया। इस घटना से पुलिस महकमे शोक की लहर छा गई। हाल ही के दिनों में यह दूसरी घटना है। बोरानाडा में रात को ड्यूटी करते एक कांस्टेबल की मृत्यु हो गई थी।

आज सुबह कमिश्नरेट पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड़ सहित कई अफसर एम्स अस्पताल की मोर्चरी पर पहुंचे। जहां कांस्टेबल रमेश विश्नोई को गार्ड ऑफ ऑनर दिए जाने के साथ शव पर पुष्प गुच्छ चढ़ाए।

शेरगढ़ के केतु स्थित खेत नगर के रहने वाला 27 वर्षीय कांस्टेबल रमेश विश्नोई शुक्रवार की रात पौने बारह बजे के आस -पास वह नाका नंबर 3 पर डिवाइडर पर चढ़ टार्च से रोशनी कर संदिग्ध की तलाश में भी था। इतने में नाका की तरफ आई एक तेज रफ्तार कार पहले डिवाइडर से टकराई बाद में उस पर चढ़ते हुए कांस्टेबल रमेश विश्नोई को चपेट में लिया। कार की गति इतनी तेज थी कि वह कांस्टेबल को उड़ाते हुए खंभे से जा भिड़ी। कार और खंभे के बीच कांस्टेबल रमेश विश्नोई फंस गया।

कुडी थाने के सबइंस्पेक्टर विश्राम मीणा के अनुसार कार चालक अधिवक्ता महिपाल विश्नोई था। नशा किए जाने की बात से पुलिस ने इंकार किया है। घटना में वह भी कुछ चोटिल हुआ है। कांस्टेबल रमेश विश्नोई की शादी सालभर पहले ही हुई थी। उसके कोई संतान भी नहीं है।

**पुलिस आयुक्त सहित कई अफसर एम्स पहुंचे :** आज सुबह पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड़, डीसीपी वेस्ट गौरव यादव, एडीसीपी हरफूलसिंह, एसीपी बोरानानाडा जेपी अटल, कुड़ी थानाधिकारी सुमेरदान सहित कई अन्य अफसरों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर शव को राजकीय सम्मान के साथ गांव के लिए विदा किया गया।

इस घटना के बाद आज पुलिस उपायुक्त पश्चिम गौरव यादव ने आदेश जारी किया। उन्होंने बताया कि शराब पीकर और ओवर स्पीड से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती की जाएगी। आज से 12 अगस्त तक अभियान चलाकर वाहनों को पकड़ने के साथ चालकों का लाइसेंस निलंबित किया जाएगा।

# तालाब में नहाने गई तीन बालिकाओं की पानी में डूबने से मौत

**करौली(नि.स.)।** करौली जिले के मण्डरायल उपखंड की चंदेलीपुरा ग्राम पंचायत के मुरीला गांव के तालाब में डूबने से तीन बालिकाओं की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बालिकाओं के शव तालाब से बाहर निकाला। वहीं गांव मे कोहराम मच गया और शोक की लहर छा गई।

चंदेलीपुरा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच अशोक ने बताया कि शनिवार को दोपहर राजकुमारी पुत्री विद्याराम निवासी मुरीला, सनई पुत्री यादराम निवासी मुरीला, गौरा पुत्री हरकेश निवासी रामपुर की झोपड़ी तथा एक अन्य बालिका के साथ गांव के पास स्थित तालाब में नहाने चली गई। जहां तीन बालिकाएं पानी मे नहाने लगी और एक बालिका किनारे पर ही रुक गई। तालाब के गहरे पानी में जाने के कारण तीनो बालिकाएं डूबने लगी। एक दूसरे को बचाने के प्रयास में सभी बालिकाएं गहरे पानी में चली गई। इस दौरान तालाब किनारे पर बैठी बालिका भागकर घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीणों की भीड़ तालाब पर जमा हो गई। लोगों ने मशक्कत के बाद तीनों बालिकाओं के शव तालाब से बाहर निकालें। घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार, उपजिला कलेक्टर और मण्डरायल थानाधिकारी पुलिस जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पूर्व सरपंच ने बताया कि गौरा अपने ननिहाल मुरीला गांव में ही रहती थी और गांव की लड़कियों के साथ तालाब में नहाने चली गई। घटना के बाद बालिकाओं के पोस्टमार्टम की कार्यवाही की।

# हत्या के आरोपियों को फांसी सुनाई

**भीलवाडा (निसं)।** भीलवाड़ा जिले के मांडल थाना क्षेत्र में 7 साल पहले हुए निंबाहेडा के एक परिवार की निर्मम हत्या के मामले में एडीजे (महिला उत्पीड़न प्रकरण कोर्ट) ने शनिवार को अहम फैसला सुनाया है। न्यायालय ने इस निर्मम हत्याकांड के मुख्य आरोपित शराफत व इसके राखीबंद भाई राजेश खटीक को फांसी की सजा से दंडित किया है। दोनों पर क्रमश: 15-15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। विशिष्ट लोक अभियोजक संजू बापना ने बताया कि जिले के मांडल व रायला थाना क्षेत्र में निम्बाहेड़ा के 38 वर्षीय युनूस उर्फ सोनू, इसकी पत्नी चांदतारा उर्फ सोनिया 35, बेटे अशरफ 10, बेटी गुडिया 7, साजिया उर्फ आशिदा 4 व शकीना 2 को जियारत के बहाने यहां लाकर हत्या कर दी थी। एक ही परिवार के 6 सदस्यों की खौफनाक हत्या से पूरा क्षेत्र सहम उठा था।

# बनास पुल टूटने की सूचना पर मचा हड़कम्प

- मौके पर पहुंचे तो पता चला कि जिला प्रशासन की मॉकड्रील थी
- सच्चाई जानने मीडिया कर्मी भी मौके पर पहुंच गए

**टोंक, (निसं)।** जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन सहित जिला मुख्यालय पर उस वक्त हड़कम्प मच गया, जब यह खबर आग की तरह फैली कि बनास पुल टूट गया है। तत्काल अधिकारियों एवं सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे और तब राहत की सांस ली, जब पता चला कि यह जिला प्रशासन की मॉकड्रील थी।

जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, एडीएम परशुराम धानका, एसडीएम गिरधर, एएसपी सुभाष चन्द्र मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद, शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह, थानाधिकारी राजेन्द्र खंडेलवाल सहित कई अधिकारी, पुलिस जवान, एनडीआरएफ ओम सहित शहर के जागरुक लोग मौके पर पहुंच गए और मौके पर हालात जाने और सच्चाई जानने के लिए मीडिया कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। सबने जब राहत की सांस ली, तब पता चला कि यह जिला प्रशासन की मॉकड्रील थी। सुरक्षा की दृष्टि के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से मॉकड्रील होती है, जिससे पता चलता है कि कौन अधिकारी कितना चौकन्ना है और कौन लापरवाह है और शहर की जनता का कितनी सजग है।

# मालपुरा में निर्माणाधीन ईंट भट्टे की 130 फीट ऊंची चिमनी गिरी

## मलबे में दबे पांच श्रमिक, चिन्ताजनक हालत में जयपुर रैफर

**मालपुरा, (निसं)।** दूदू छाण स्टेट हाईवे पर अम्बापुरा गांव के पास सड़क सीमा से महज सौ मीटर दूर कृषि भूमि पर अवैध रूप से निर्माणाधीन ईंट भट्टे की 130 फीट ऊंची चिमनी धराशाही हो जाने से मलबे में दबकर पांच श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें डिग्गी कल्याणजी के जा रहे पदयात्रियों ने निकाल और मालपुरा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से पांचों घायलों को जयपुर रैफर किया गया।

मामले के अनुसार टोरडी ग्राम पंचायत के अम्बापुरा गांव के पास कृषि भूमि खसरा नम्बर 429/3 में अवैध रूप से निर्माणाधीन एक ईंट भट्टे की 130 फीट ऊंची चिमनी शनिवार की दोपहर गिरने के बाद श्रमिकों के चिल्लाने व मलबे में दबने के बाद मौके पर मौजूद ईंट भट्टा निर्माण करवा रहे जिम्मेदार लोग मौके से भाग छूटे।

हादसे के दौरान देवली से डिग्गी कल्याणजी के जा रही पदयात्रा में शामिल मुकेश पारासर, ममता, शिवा, राजू सहित अन्य पदयात्रियों ने कड़ी मशक्कत कर मलबे में दबे घायल श्रमिकों को निकाल 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायल मोहम्मद नजर, यूसुफ, रईश, अनीश व फारूक निवासी बेटला यूपी को मालपुरा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायल को चिन्ताजनक हालत में जयपुर रैफर किया।

मीडियाकर्मियों द्वारा हल्का पटवारी अजय यादव से ली जानकारी में सामने आया कि खसरा नम्बर 429/3 जो कि गोपाल नायक, रमेश, पुष्पा, रामा, सीता, रामस्वरूप सभी जाति नायक निवासी अम्बापुरा व 1/30 हिस्सा पांचू रेगर का है जो कि राजस्व रिकॉर्ड में बारानी भूमि दर्ज है। ईंट भट्टा निर्माण से पूर्व उक्त भूमि को व्यवसायिक उपयोग के लिए कनर्वजन हेतु कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

मौके पर मौजूद अम्बापुरा के ग्रामीणों ने बताया कि कृषि भूमि पर ईंट भट्टा निर्माण के लिए तकरीबन आधा दर्जन प्रभावशाली लोगों ने जमीन के खातेदारों से उक्त जमीन लगभग 15 लाख रूपये में लीज पर लेकर बिना सुरक्षा संसाधनों के घटिया निर्माण सामग्री से निर्माण कार्य करवा जा रहा था।

मौके पर सुरक्षा संसाधनों का अभाव सामने आया। बिना भूमि रूपान्तरण करवाये कृषि भूमि पर व्यवसायिक गतिविधि होने के बावजूद सम्बन्धित गिरदावर पटवारी यहां तक की राजस्व विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं करना सवालों के घेरे में है।


निर्माणाधीन ईंट भट्टे की चिमनी गिरने के बाद घायलों का मालपुरा अस्पताल में उपचार कराया।

- राजस्व विभाग ने साधी चुप्पी

# आयुर्विज्ञान परिषद ने श्रीगंगानगर मैडिकल कॉलेज को 100 सीटें स्वीकृत की

**श्रीगंगानगर।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परिषद के द्वारा श्रीगंगानगर के सरकारी मेडिकल कॉलेज मे सत्र 2022-23 के लिए एमबीबीएस की 100 सीटों के साथ शुरुआत की अनुमति प्रदान कर दी है। लोकसभा सांसद निहालचन्द ने संसदीय क्षेत्र को इसी वर्ष इस सौगात हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का धन्यवाद प्रेषित किया है।

इस सरकारी मेडिकल कॉलेज को भौतिक संसाधनों के गहन निरीक्षण व परीक्षण के बाद अनुमति दी गई है। लोकसभा सांसद निहालचंद ने बताया कि इस मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति से लेकर मेडिकल की सीटों की स्वीकृति के लिए लम्बे समय से विभिन्न मंत्रालयों के सम्पर्क में रहे हैं। फिलहाल 100 सीटों के साथ इसकी शुरुआत इस सीमावर्ती क्षेत्र के लिये गौरव की बात है। इनमें से 15 सीट एनआरआई और 15 सीट आल इंडिया कोटे की हैं। एनआरआई सीट की फीस एक लाख डॉलर होगी। शेष 70 सीटों मे से 35 सीटें मैनेजमेंट की होंगी। इन सीटों पर जिनका दाखिला होगा, उन्हें 5 लाख रुपए सालाना फीस देनी होगी। शेष 35 सीट सरकारी होंगी, जिनकी फीस लगभग 50 हजार रुपए बताई गई है।

# राज्य में सरकार की लापरवाही से फैला है लम्पी रोग : राजेन्द्र राठौड़

## प्रदेश में फैल रहे लम्पी रोग को रोकने की नाकामी को लेकर राठौड़ ने पत्रकारों से वार्ता की

**चूरू, (कासं)।** राजस्थान विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आडे हाथ लेते हुए कहा कि राज्य में सरकार की लापरवाही से लम्पी रोग फैला है।

यहां बड़ी संख्या में पशुओं की मौत होना सरकार के माथे पर कलंक है। अभी तक इसे महामारी भी घोषित नहीं किया है। राजेन्द्र राठौड़ आज अपने चूरू आवास पर प्रदेश में फैल रहे गौ वंश में लम्पी रोग को रोकने में राज्य सरकार की नाकामी को लेकर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। इस अवसर पर उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को तीन सप्ताह पहले पता था, सरकार की लापरवाही है। पशुधन सहायक, पशु चिकित्सकों आदि के पद खाली पड़े हैं। कोई मोबाइल टीमों का गठन नहीं किया है। उनके पास दवाई भी नहीं है, आपूर्ति का झूठा नाटक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चूरू जिले में लगभग 225 पंजीकृत गौशालाएं हैं।



**राजस्थान विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने चूरू में लम्पी रोग से बचाव हेतु गौरक्षण मिशन का शुभारम्भ करने से पूर्व पत्रकारों से वार्ता की।**

जिसमें एक लाख से अधिक गौवंश है। उन्होंने कहा कि अगर इनमें से एक भी पशु संक्रमित हो गया तो सभी पशुओं में इस महामारी का प्रकोप फैल जायेगा। राठौड़ ने कहा कि सरकार से कोई उम्मीद नहीं है। कोल्ड स्टोरेज खाली पड़े हैं। ऐसे में यहां गौ रक्षण मिशन शुरू कर रहे हैं। गौरक्षण मिशन के तहत 5 लाख रुपए की राशि से इन गौशालाओं में आवश्यक दवाईयां पहुचाई जायेगी।

- **प्रदेश में प्रथम बार लम्पी रोग से बचाव हेतु गौरक्षा मिशन के तहत 5 लाख की लागत से गोट पॉक्स वैक्सिन व लिवोमिशोल इंजेक्शन का किया वितरण**

इसके लिए पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण को संयोजक, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ वासुदेव चावला व बसंत शर्मा को सहसंयोजक बनाया गया है। राठौड़ ने कहा कि गौशालाओं में इन दवाईयों की सप्लाई प्रारंभ कर देंगे। उन्होंने कहा कि वे अपने मित्रों व स्वयं के सहयोग से चूरू विधानसभा की सभी गौशालाओं में इन दवाओं का वितरण करेंगे। अगले चरण में पूरे चूरू जिले में इन दवाओं का वितरण किया जायेगा।

## लम्पी वायरस से मुकाबले के लिए सहयोग का निर्णय लिया

**सादुलपुर, (निसं)।** ग्राम विकास अधिकारियों ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए गौवंश की सुरक्षा हेतु असहयोग आदोलन के दौरान लम्पी वायरस से मुकाबले के लिए सहयोग करने का निर्णय लिया है।

जिलाध्यक्ष रामनिवास पूनियां ने बताया कि इस वायरस से मुकाबले के लिए हम पूर्ण सहयोग करेंगे एवं ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय गौरव के रूप में आजादी के 75 वे वर्षगांठ पर मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव में 9 अगस्त से प्रारंभ हो रहे हर घर तिरंगा अभियान सहित आजादी अमृत महोत्सव से संबन्धित गतिविधियों में भी राज्य के समस्त ग्राम विकास अधिकारी पूर्ण सहयोग करेंगे। जिला मंत्री जीवणराम नेहरा ने बताया कि प्रदेश संगठन व जिला संगठनों ने सहमत होकर निर्णय लिया है कि हमारा संगठन सदैव से ही सामाजिक दायित्वों तथा राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। प्रदेश प्रतिनिधि लूणाराम सैनी ने बताया कि संगठन द्वारा सर्व सम्मति से लम्पी वायरस व आजादी के अमृत महोत्सव में हमारा संवर्ग पूर्ण सहयोग करेगा।

## तिरंगे झंडे वितरित किए

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वाधीनता सप्ताह में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत श्री गल्ला व्यापार संघ झुंझुनू द्वारा व्यापारियों को अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजपाल सिंह, शहर कोतवाल सुरेंद्र कुमार देगड़ा एवं ट्रेफिक इंचार्ज धर्मेंद्र मीणा द्वारा शनिवार को छावनी बाजार में निशुल्क लकडी लगे हुए झंडे वितरित किए गए। इस अवसर पर गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष आनंद टीबड़ा, सचिव विपिन राणासरिया, कार्यक्रम संयोजक डॉ. डीएन तुलस्यान, संपत चुड़ैलेवाला, विनय अठावाल, पवन गुढावाला, श्यामसुंदर गुढावाला, सुनील तुलस्यान, कैलाशचंद्र सिंघानिया, अर्पित टीबडा सहित अन्य व्यापारी बंधु उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा झंडे वितरण से पूर्व श्री गल्ला व्यापार संघ द्वारा अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण के साथ दुपट्टा ओढ़ाकर किया गया। गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष आनंद टीबड़ा एवं सचिव विपिन राणासरिया ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक डॉ. डीएन तुलस्यान के संयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आ ान पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत व्यापारियों को उपरोक्त झंडे वितरण किए जा रहे है।

## ईओ जांगिड़ सहित कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज

**सूरजगढ़, (निसं)।** नगरपालिका में शुक्रवार को ईओ समेत अन्य स्टाफ के साथ अभद्रता और गाली गलौच का मामला सामने आया था। मामले में ईओ प्रमोद जांगिड़ की रिपोर्ट पर थाने में दो पार्षद, दो पार्षद प्रतिनिधि, दो पत्रकारों समेत कुल 7 जनों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

शनिवार को पार्षद अशोक सैन व पार्षद नरेंद्र शेखावत ने भी ईओ प्रमोद जांगिड़, कर्मचारी शिवनंदन शर्मा व राहुल शर्मा के विरुद्ध थाने में देर रात्रि गलत पट्टे व चाहते ठेकेदारों को विकास कार्यों के ठेके जारी करने के प्रयास किए जाने का आरोप लगाते हुए व ठेकेदारों से जान से मारवाने की धमकी दिए जाने का मुकदमा दर्ज करवाया है। पार्षद अशोक सैन ने बताया कि देर शुक्रवार रात्रि नगरपालिका कार्यालय खोलने व ठेकेदारों को बठाए रखने का सवाल पूछने पर धमकी दी गई। यहीं नहीं दबाव बनाने के लिए ईओ प्रमोद जांगिड़ द्वारा एक फर्जी मुकदमा भी दर्ज करवाया गया। वहीं पार्षद अशोक सैन ने आरोप लगाते हुए बताया कि प्रमोद जांगिड़ पूर्वाठासित थे। कुछ दिन पूर्व ही प्रमोद जांगिड़ द्वारा नाला सफाई टेंडर अपने चहेतों को फायदा देने की नियत से करीब 25 लाख में जारी करने का प्रयास किया। जिसका उनके व अन्य पार्षदों द्वारा विरोध किया गया था। आपको बता दें शुक्रवार देर शाम ईओ प्रमोद जांगिड़ ने पुलिस मे रिपोर्ट दी थी कि वे जब नगरपालिका में प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत पट्टों की फाइलों का निस्तारण कर रहे थे। तो पार्षद नरेंद्र शेखावत और मनोनीत पार्षद अशोक सैन, पार्षद प्रतिनिधि भूपेश शर्मा व रोहिताश्व वर्मा दो पत्रकारों व अन्य के साथ आए और बेवजह ही राजकार्य में बाधा पहुंचाई। यही नहीं उन्होंने कर्मचारियों से गाली गलौच की। साथ ही अभद्र व्यवहार किया। पुलिस ने इस मामले में सात नामजद तथा अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इधर, मामले के बाद नगरपालिका अधिकारियों और कर्मचारियों में गुस्सा देखने को मिला।

## चूणा चौक विकास समिति ने बांटे तिरंगे झंडे

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वाधीनता सप्ताह में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत चुणा चौक विकास समिति द्वारा शनिवार सुबह राणी सती रोड स्थित इंदिरा पार्क में योग करने वाले, पार्क में मॉर्निंग वॉक करने वाले, समिति के सदस्य एवं पास पड़ौस के व्यापारी सहित पास पड़ौस के क्षेत्र में रहने वालों को समिति के मुख्य संरक्षक किशोरीलाल तुलस्यान के सौजन्य से निशुल्क झंडे लकड़ी लगे हुए वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित, संरक्षक किशोरीलाल तुलस्यान, कालुराम तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, अशोक तुलस्यान, शुभकरण चोपदार, रविशंकर पुरोहित, लक्ष्मीकांत, सुभाष पुरोहित, पूनम पुरोहित, विनोद पेंटर, नवलकिशोर खंडेलिया, योग प्रशिक्षक नेकीराम धूपिया सहित समिति पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सर्वे को लेकर किसानों में असमंजस

- **पानी की पाइप लाइन डालने को लेकर किए गए सर्वे में अभी तक भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है**

**खिरोड़, (निसं)।** बेरी गांव इससे सटते इलाके में हाल ही में किसानों के खेतों में हुए सर्वे को लेकर किसानों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

क्षेत्र के किसान प्रभुसिंह राव ने बताया कि हाल ही में किसानों के खेतों में पानी की पाइप लाइन डालने को लेकर किए गए सर्वे में अभी तक भी किसानों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि आखिरकार यह सर्वे किस चीज का करवाया गया है। हालांकि सर्वे करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किसानों को कुछ भी नहीं बताया गया।

किसानों को सर्वे के दौरान बताया गया कि यह आगे से पानी की पाइप लाइन आएगी और आप के खेतों में से होते हुए आगे की ओर जाएगी मगर किसान इस बात से संतुष्ट नहीं है और असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि आखिरकार यह सर्वे किस बात को लेकर करवाया जा रहा है। किसान रामकुमार सिंह राव ने बताया कि सर्वे करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किसानों को आसानी से कुछ भी नहीं बताया गया और बाद में किसानों द्वारा काफी हठ करके पूछने पर बताया गया कि यह तो इधर से पानी की पाइप लाइन डाली जाने का ही सर्वे करवाया जा रहा है। मगर क्षेत्र के किसान फिर भी संतुष्ट नहीं है।

किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि हाल ही में हुआ सर्वे किस बात को लेकर सर्वे करवाया गया है। जो किसानों को समय रहते बताकर उन्हें संतुष्ट किया जाए। अगर किसानों को संतुष्ट नहीं किया गया तो जब भी से किसानों के खेतों में कोई भी लाइन डाली जाएगी तो किसान किसी भी प्रकार की लाइन डालने नहीं देंगे।

## एसपी मृदुल कच्छावा ने किया शहर में पैदल मार्च


**शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर एसपी मृदुल कच्छावा ने झुंझुनूं शहर में पैदल मार्च किया।**

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं शहर समेत पूरे जिले में मोहर्रम व अलमसद्दा जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर एसपी मृदुल कच्छावा ने झुंझुनूं शहर में पैदल मार्च किया।

उन्होंने पुलिस जाब्ते के साथ शहर के शहीदान चौक से बटवालान मोहल्ला, कालती हवेली, बड़ा मोहल्ला, चेजारों का मोहल्ला, फूटला बाजार व मुस्लिम स्कूल होते हुए कर्बला तक पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से आपसी सदभाव बनाए रखने का आठाह किया।

उन्होंने बताया कि मोहर्रम पर निकाले जाने वाले ताजियों के दौरान कहीं पर भी कोई अशांति नहीं हो और मार्ग में किसी तरह की कोई असुविधा नहीं हो, इसलिए पैदल मार्च किया गया है। उनके साथ एएसपी डॉ. तेजपाल सिंह, कोतवाल सुरेंद्र सिंह देगड़ा भी थे।

## मारपीट का मामला दर्ज

**पाटन, (निसं)।** रॉयल्टी कर्मचारियों के खिलाफ मारपीट का मामला पाटन थाने में दर्ज हुआ है। दलपतपुरा निवासी सुभाष चंद गुर्जर पुत्र लीलाराम गुर्जर ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि 5 अगस्त शाम 6:00 बजे मेरे ट्रैक्टर में रोडी भरकर मेरे घर जा रहा था उसी रास्ते पर एक अवैध रॉयल्टी नाका लगा हुआ है।

नाके पर बैठे कर्मचारियों ने मेरा ट्रैक्टर रुकवाया तथा मेरे से रॉयल्टी कटवाने के लिए कहा। उसी समय एक रायल्टी रेड की बोलोरो गाडी आई जिसमें आठ दस लोग सवार थे, वे लोग मेरे उपर लाठी, डंडों एवं धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया तथा मेरे को जान से मरा समझ कर फरार हो गए। जाते समय मेरे को जान से मारने की धमकी दी एवं मेरे कुछ रुपए ले गए तथा मेरा मोबाइल तोड़ गये। रिपोर्ट के आधार पर पाटन थाने ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि पूर्व में भी पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्रीय विधायक सुरेश मोदी के सामने यह मांग रखी थी कि किसान जब अपने ट्रैक्टरों से पत्थर, रोड़ी, डस्ट लेकर आते हैं तो रॉयल्टी कर्मचारी उनको जबरन परेशान करते हैं तथा जबरन रॉयल्टी वसूल करते हैं।

## चूरू में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की फोटो पर 'लेवड़े' गिरे

**चूरू, (कासं)।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कार्यालय में लगी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की फोटो पर 'लेवड़े' (दीवार का प्लास्टर) गिरने लगे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार यहां मरम्मत के अभाव सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कार्यालय दिनों-दिन जर्जर हो रहा है। वर्षा के इस मौसम में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कार्यालय की छत कई स्थानों से टपकने लगी है। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कार्यालय में लगी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की फोटो पर भी 'लेवड़े' गिरने लगे हैं। इस पर लिखा है कि तीन वर्ष आपका विश्वास। चूरू में तो यह विश्वास और प्रयास लेवड़ों में तब्दिल हो गया है। मुख्यमंत्री के फोटो पर 'लेवड़े' गिरने से रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। यहां आए दिन कलैक्टर सहित कई मंत्री भी आते रहते हैं। किसी ने भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर गिर रहे लेवड़ों को रोकने की कोशिश नहीं की। इससे यहां के प्रशासन की सतर्कता की पोल खुल रही है।

- **प्रशासन की सतर्कता की पोल खुली**

उल्लेखनीय है कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कार्यालय में प्रवेश के लिए मुख्य दरवाजा लम्बे समय से बंद है। कलैक्टर सिद्धार्थ सिहाग और एसपी दिगंत आनंद से मांग करने के बाद भी मुख्य दरवाजे का ताला नहीं खोला गया है। प्रशासन को डर है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की फोटो पर गिरने वाले लेवड़ों को कोई देख ना ले। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कार्यालय की दयनीय स्थिति देखकर यहां हो रहे विकास का अंदाजा लगाया जा सकता है।



**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कार्यालय में लगी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की फोटो पर 'लेवड़े' ( दीवार का प्लास्टर ) गिरने लगे हैं।**

## धनकड़ के उपराष्ट्रपति बनने पर मिठाइयां बांटी

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनू जिले के किठाना ठाम में जन्मे वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीप धनकड़ के महामहिम उपराष्ट्रपति पद पर विजयी होने की खुशी में स्थानीय गांधी चौक पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनिया के नेतृत्व में आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी।

इस मौके पर पूनिया ने कहा कि धनकड़ के उपराष्ट्रपति पद पर विजयी होना जिले के ही नहीं अपितु राजस्थान प्रदेश के लिए भी गर्व की बात है। धनकड़ अपने कर्तव्य के प्रति कठोर सिद्धांतों के लिए जाने जाते हैं, उपराष्ट्रपति बन देश को वे अपनी सेवाएं और अधिक दे पाएंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर आतिशबाजी की तथा भारत माता के जयकारों के साथ खुशियां मनाई। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र भांभू, कृष्ण कुमार जानू , अरुणा सिहाग, मंजू चौहान , ममता शर्मा, नगर महामंत्री रवि लांबा , विजेंद्र हटवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र पर वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन

**सादुलपुर, (निसं)।** कृषि विज्ञान केन्द्र चाँदगोठीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय,बीकानेर के निदेशक प्रसार शिक्षा, डॉ. सुभाष चंद्रा की अध्यक्षता में हुई। वहीं केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष व सदस्य सचिव डॉ. राजेश शिवरान ने आये हुए मेहमान व सदस्यगणों का स्वागत करते हुए केन्द्र की गतिविधियां तथा आगामी वष7 की कार्य योजना पर प्रकाश डाला। डॉ. राजेश शिवरान ने कहा कि स्थानीय समस्याओं, तकनीकी गेप व कृषक आवश्यकता के आधार पर ही किसानों के लिए प्रशिक्षण, प्रदर्शन, संकार्य अनुसंधान कार्य व अन्य प्रसार गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।



**कृषि विज्ञान केन्द्र पर वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में कृषकों को कृषि संबन्धी विभिन्न प्रकार की जानकारी देते वैज्ञानिक।**

डॉ. राजेश शिवरान ने बताया कि केन्द्र द्वारा संस्थागतए असंस्थागत व अन्य संस्थाओं द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण आयोजित कर कुल 6००० कृषकों व कृषक महिलायों के ज्ञान, नजरिया व कौशल में परिवर्तन किया गया। साथ ही रबी व खरीफ मौसम में दलहन, तिलहन, खाद्यान्न फसलों पर 225 प्रदर्शन आयोजित किये गये तथा किसानों की उपज में 15 से 35 प्रतिशत तक बढोतरी अंकित की गई।

किसान प्रदर्शनों के परिणाम से संतुष्ट नजर आये तथा उन्नत तकनिकी को अपनाने के लिये प्रेरित हुये। कृषकों तक नवीनतम तकनीकी पहुंचाने के लिए केन्द्र द्वारा विभिन्न प्रसार गतिविधियां जैसे किसान सम्मेलन, प्रक्षेत्र दिवस, किसान गोष्ठी, कृषि प्रदर्शनी, कृषक वैज्ञानिक संवाद, रेडियो वार्ता, कृषि आलेख, अनुसंधान आलेख व फार्म स्कूल आदि आयोजित किये गये।

निदेशक प्रसार शिक्षा, डॉ. सुभाष चंद्रा ने कहा कि किसान के अनुभव आधारित समस्यायों का वैज्ञानिकों को निवारण करना चाहिए व कृषकों को हर संभव नवीनतम तकनीक पहुचाना वैज्ञानिकों का काम है। किसानों की समस्याओं, तकनीकी गेप व कृषक आवश्यकता के आधार पर ही किसानों के लिए प्रषिक्षण, प्रदर्शन, संकार्य अनुसंधान कार्य आयोजित किये जावें। तथा प्रक्षेत्र दिवस पर कृषि विभाग के अधिकारियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाये ताकि किसानो को अधिकाधिक फायदा मिले।

## सार-समाचार

### निजी स्कूल के विरोध में धरना प्रदर्शन का मामला




**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं में स्कूल क्रांति संघ के पदाधिकारियों ने गुढ़ागौड़जी कस्बे की निजी स्कूल बस से हुए एक्सीडेंट में एक छात्र की मौत के मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है। पदाधिकारियों ने कहा कि हादसा किस बस से हुआ, यह अनुसंधान का विषय है। इसकी जांच हो रही है। लेकिन इससे पहले ही कुछ लोग धरना प्रदर्शन कर अशांति का माहौल बना रहे हैं। जिससे पढ़ाई बाधित हो रही है। यह सिर्फ हादसा था। इसे जानबूझकर कुछ लोग राजनीतिक रंग देने में लगे हुए हैं। कोई भी दुर्घटना जानबूझकर नहीं करता। इसलिए स्कूल के सामने विरोध प्रदर्शन अनुचित है। संघ के अध्यक्ष उमेश कस्वां, जीएल कालेर, नरेंद्र झाझड़िया तथा पीयूष ढूकिया आदि के नेतृत्व में मिले स्कूल संचालकों ने इस पूरे प्रकरण को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और इसकी निंदा की। उन्होंने कहा कि स्कूल के सामने माहौल खराब कर रहे लोगों को वहां से हटाया जावे और निष्पक्ष जांच हो।

### विद्युत सप्लाई बन्द रहेगी

**सादुलपुर, (निसं)।** 33 के.वी. मरम्मत कार्य को लेकर 33/11 के.वी. ऑल्ड सीटी जी.एस.एस. पर हिसार रोड जीएसएस से निकलने वाली सभी 11के.वी. फीडर के सुण्डा मार्केट, सरस डेयरी, टोल प्लाजा, लूदी, गौशाला फीडर तथा ऑल्ड 33 केवी सीटी जीएसएस से सभी 11 केवी फीडर जिनमें रीको, ज्योतिनगर, तोलाराम, रामबास, फोरपोल, डोकवा, खेमाणा, किशनपुरा व ऑल्ड भोजाण फीडर की विद्युत सप्लाई ०7 अगस्त 2022 को प्रात: 7 बजे से प्रात. 10 बजे तक विद्युत सप्लाई बन्द रहेगी। उक्त जानकारी जोधपुर डिस्कॉम शाखा सादुलपुर के सहायक अभियंता दिनेश कुमार यादव ने दी।

### नरेन्द्र दूत सदस्य मनोनीत

**तारानगर, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा तारानगर क्षेत्र के वरिष्ठ कांठोस नेता नरेन्द्र दूत को जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति में मनोनीत किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में गठित पाँच सदस्यीय समिति में जिला मुख्यालय पर पदस्थापित वरिष्ठतम महिला रोग विशेषज्ञ, डॉ गुलाबनबी गौरी तथा दो जनप्रतिनिधि नरेन्द्र दूत और राजगढ़ से सरपंच मानसिंह रेबारी को शामिल किया गया है। इस अवसर पर नरेन्द्र दूत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं प्रदेशाध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा का आभार जताया तथा जिले में भ्रूण हत्या पर प्रभावी ढंग से रोक लगाकर लिंगानुपात में सुधार लाने के प्रयासों पर बल दिया।

### शिविर में आने का न्यौता दिया

**तारानगर, (निसं)।** क्षत्रिय युवक संघ के ठाम तोगावास में प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर 11-14 अगस्त के सम्बन्ध में गांव रेड़ी, भाड़ंग, साहवा, मेघसर, दुलेरी एवं झांझणी का दौरा कर समाज के नौजवानों को शिविर में आने का न्योता दिया और शिविर को सफल बनाने का आठाह किया ताकि संस्कारवान समाज का निर्माण हो सके। दौरे में मातु सिंह राठौड़, वीर बहादुर सिंह राठौड़, जितेंद्र सिंह राठौड़ वकील थे तो वहीं गांवो से ज्ञान सिंह राठौड़, भंवर सिंह राठौड़, गिरवर सिंह राठौड़, अमृत सिंह राठौड़, सुरेन्द्र सिंह राठौड़, रेंवंत सिंह भाटी, हेमन्त सिंह नरूका, चानर सिंह जाटू, गजेन्द्र सिंह राठौड़ भक्त, धरम पाल सिंह राठौड़ अध्यापक, दलीप सिंह राठौड़ फौजी, आनन्द सिंह शेखावत, भवानी सिंह शेखावत, शिवराज सिंह शेखावत, मोहन सिंह राठौड़, गिरवर सिंह सरपंच , भानीसिंह राठौड़ सहित समाज के व्यक्ति उपस्थित थे।

### लम्पी का खतरा : नंदी गौशाला में नगरपालिका ने कराई फोगिंग

**चिड़ावा, (निसं)।** राज्य के पशुओं में फैल रही लम्पी बीमारी से बचाने के लिए नगरपालिका चिड़ावा ही पहल की है। नंदी गौशाला में गौरक्षा दल के कार्यकर्ताओं के सहयोग से नगर पालिका कर्मचारियों ने मिलकर फिनाइल एवं फॉगिंग का कार्य समय रहते करवाया। नगर पालिका कर्मचारी आकाश योगी, विनोद जमादार, नरेश राव, रविन्द्र, संदीप, जगमाल सभी मौके पर पहुंचे । नगरपालिका चेयरमैन सुमित्रा सैनी से इसको लेकर गौरक्षा दल की टीम ने मुलाकात कर इस बीमारी से अवगत करवाते हुए फोगिंग की मांग की थी। पालिकाध्यक्ष ने नगर पालिका ईओ जुबैर खान से बात की। इसके बाद टीम को भेजकर फोगिंग व फिनाइल छिड़काव करवाया गया।

### विवाहिता से मारपीट करने का मामला

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं शहर के वार्ड 49 की एक विवाहिता ने पति सहित ससुराल के लोगों के खिलाफ प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। विवाहिता कल्पना ने एसपी को बताया कि 27 जुलाई को उसके पति कैलाश ने शराब के नशे में उससे मारपीट की। उसने विरोध किया तो सास, जेठ, जेठानी व जेठूते ने मिलकर भी उसके साथ मारपीट की और अभद्रता की। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को थाने ले गई। दूसरे दिन मुकदमा भी दर्ज करवाया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद दो अगस्त को आरोपियों ने फिर उसके साथ मारपीट की। कोतवाली पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर उसने एसपी से मिलकर आरोपियों को गिरफ्तार कराने और उसे न्याय दिलाने की गुहार की है।

## समाजसेवी की प्रतिमा का अनावरण किया

**पाटन, (निसं)।** ग्राम पंचायत छाजा की नांगल के राजस्व ग्राम बोपिया में आज समाजसेवी कानाराम की प्रतिमा का अनावरण पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया के कर कमलों द्वारा किया गया। प्रतिमा अनावरण से पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री का ग्रामीणों ने एवं परिजनों ने गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया तथा माला एवं साफा पहनाकर उनका सम्मान किया। समाजसेवी कानाराम की प्रतिमा का अनावरण विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री महरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो व्यक्ति समाज हित के कार्य करते है, समाज को जोड़ने का काम करते हैं, समाज को सुधारने का काम करते हैं, उन व्यक्तियों को हमेशा याद किया जाता है, उसी का जीता जागता उदाहरण है कि हमें समाजसेवी कानाराम जी की प्रतिमा के अनावरण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। समारोह को करण सिंह तंवर बोपिया, रामरतन यादव, हजारी बागाला ने भी संबोधित किया। समाजसेवी कानाराम के सुपुत्र सेवानिवृत्त अध्यापक हजारीलाल हथवाला एवं उमराव सिंह पहलवान ने अपने स्वर्गीय पिता की यादगार में प्रतिमा लगाकर उसका अनावरण करवाया।

**बेदखली सर्वसाधारण सूचना**

मनके विधान उम्र 59 साल पुत्र श्योराम एवं चांदकोर पत्नी विधान उम्र 45 साल जाति मेघवाल निवासी लम्बोर बड़ी तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.) के है जो निम्न कथन शपथपूर्वक बयान करते है यह कि हमारा पुत्र भादर व उसकी पत्नी राणी हमारे कहे अनुसार नहीं चलते है और आवारा व बदमाश प्रवृति के लोगों की संगत में रहते हैं तथा लोगों से हमारे व हमारे परिवार के नाम से रूपये व सामान ले लेते हैं और उनके द्वारा वापिस मांगने पर झगड़ा फसाद करते हैं। तथा हमारे द्वारा समझाने पर भी नहीं मान रहे हैं। हमारा पुत्र भादर व उसकी पत्नी राणी हमें आत्महत्या करने तक की तक की धमकी देते हैं। हमें उक्त लोगों से जान-माल का खतरा है। इस कारण हमनें आज दिनांक 06.08.2022 को हमारे उक्त पुत्र भादर व उसकी पत्नी राणी को हमारे परिवार की सम्पूर्ण जायदाद व सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से हमारे उक्त पुत्र व उसकी पत्नी का हमारी किसी भी प्रकार सम्पत्ति व जायदाद में किसी भी प्रकार का कोई हक व हिस्सा नहीं रहा है, हमने हमारे उक्त पुत्र व उसकी पत्नी को हमारे परिवार से अलग कर दिया है। हम शेष सभी सदस्य हमारे उक्त पुत्र व उसकी पत्नी से अलग परिवार बनाकर रहने लगे हैं। आज के बाद हमारे उक्त पुत्र व उसकी पत्नी द्वारा किये जाने वाले किसी भी प्रकार के कोई लेन-देन के जिम्मेवार वह स्वयं होंगे, हमारे घर व परिवार से इनका कोई लेना-देना नहीं रहा है। आज से हमारे उक्त पुत्र व उसकी पत्नी को घर से अलग कर दिया है। हमारे उक्त पुत्र व उसकी पत्नी के द्वारा किसी प्रकार का लेन-देन करने, वाद-विवाद या झगड़ा-फसाद करने पर या अन्य कोई गलत काम करने पर हमारे व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी, समस्त जिम्मेवारी लेन-देन करने वाले स्वयं की होगी। हम सर्वसाधारण को सूचित करते हैं। सूचित रहे। दिनांक 06.08.2022

**शपथ ग्रहिता**
**विधान पुत्र श्योराम एवं चांदकोर पत्नी विधान जाति मेघवाल निवासी लम्बोर बड़ी तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.)**

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रतनगढ़,** (निसं)। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना द्वारा रतनगढ शहर में आमजन की सुविधा हेतु सीवरेज प्रणाली के विकास के लिये विभिन्न आधारभूत विकास कार्य साथ ही इन कार्यो के प्रति आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा समय-समय पर विभिन्न विषयों पर जनजागरूकता कार्यक्रम भी करवाये जाते है। इसी क्रम में सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता यूनिट के प्रवीण सिंह राठौड व एल एण्ड टी कम्पनी स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता एबी अब्राहम, हिमांशु मांडण व खुशबू शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय ज्योति पाठशाला में जागरुकता कार्यक्रम के तहत रतनगढ वार्ड न. 25, 26 मे हैण्ड वासिंग तथा निजि एवम सामुहिक स्वच्छता विषय पर बिहेवियर चेंज एक्टिविटी का आयोजन किया गया । इसमे हैण्ड वासिंग की महत्वता व सही तरीका साफ सफाई मे विधार्थियों की भुमिका सीवरेज प्रणाली के बेहतर उपयोग एवं रखरखाव तथा सीवरेज प्रणाली के लाभ बताये गये तथा मौसमी बीमारियों के बारे डेंगू, मलेरिया, के बचाव के उपाय बताये । इस कार्यक्रम मे रितु शर्मा, मंजू शर्मा, अणचीदेवी, ओमप्रकाश जोशी, पुरूषोत्तम, राजेन्द्र कुमार ने भाग लिया।

# बरसाती पानी की निकासी नहीं होने से गंदे पानी से गुजरने को मजबूर लोग



**सुजानगढ भौजलाई बास में स्कूल, गौशाला, शिव मंदिर व मोक्षधाम के आगे भरा बरसाती पानी।**

**सुजानगढ़,** (निसं)। शहर के विभिन्न मौहल्लों में बरसात रूकने के दो दिन बाद भी पानी जस का तस पडा है। बरसाती पानी की निकासी नहीं होने से मौहल्लेवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है तथा स्कूली बच्चों को पानी के अन्दर से गुजरते हुए अपने विद्यालयों में जाने के लिए मजबूर होना पड रहा है।

नया बास में पांड्या धर्मशाला के पीछे माहेश्वरी भवन व पांड्या रोड पर बरसात रूकने के दो दिन बाद भी पानी पडा है। जिससे यहां स्थित निजी विद्यालय में अध्ययनरत विद्याथियों के साथ अन्य स्कूलों में जाने वाले छात्र-छात्राएं बरसाती पानी से गुजरने के लिए मजबूर है। इसी प्रकार भौजलाई बास स्थित चापटिया तलाई के भर जाने से राजकीय सुजानगढ नागरिक परिषद उ.मा. विद्यालय, गौशाला, शिव मंदिर, मोक्ष धाम, कब्रिस्तान तथा वाल्मिकी व रैगर समाज के मोक्ष धाम में आने-जाने का रास्ता अवरूद्ध हो गया। जिससे स्कूली बच्चों के साथ ही मंदिर व गौशाला में आने वाले श्रद्धालुओं तथा मौहल्लेवासियों को बरसाती व गंदे पानी से गुजरने के लिए मजबूर होना पड रहा है। मौहल्ले व शहर को भौजलाई चौराहे सहित करीब पचास गांवों के जोडने वाले रास्ते पर पानी भराव व तलाई की समस्या के स्थाई समाधान के लिए नेता प्रतिपक्ष व पार्षद जयश्री दाधीच द्वारा अनेक बार ज्ञापन देने के साथ ही धरना, प्रदर्शन किए जा चूके हैं, लेकिन नगरपरिषद प्रशासन इसके लिए गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

वार्ड पार्षद व नेता प्रतिपक्ष जय श्री दाधीच के अनुसार इस तलाई की समस्या 20 वर्षो से है आजतक दर्जनों ज्ञापन इसके लिए सभी विभागों में दिए जा चुके है परन्तु कोई स्थाई समाधान आजतक नही हुवा है नगरपरिषद के द्वारा पानी निकासी के लिए कोई कार्य नहीं करवाया गया है।

## गायों के लिए 2000 से अधिक वैक्सीन उपलब्ध करवाई

**चूरू,** (कासं)। लंपी रोग से बचाव हेतु उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के आर्थिक सौजन्य से चूरू विधानसभा की हनुमानगढ़ी, धोधलिया, नाकरासर, कुनसिसर, बालरासर आथुना की गौशालाओं में 2000 से अधिक गोवंश के लिए गोट पॉक्स वैक्सीन उपलब्ध करवाई गई है। इस कार्यक्रम के संयोजक हरलाल सहारण ने कहा कि उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कल गौ वंश की चिंता करते हुए अपने निजी खर्च पर वैक्सीन लगवाने की घोषणा की थी, जिसके तहत आज ये वैक्सीन वितरित की गई है। सह संयोजक डॉ. वासुदेव चावला ने कहा कि उपनेता प्रतिपक्ष के द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे गो शालाओं में गोवंश को इस रोग से बचाव हेतु समय रहते वैक्सीन लगवाने की व्यवस्था करें। सह संयोजक बसन्त शर्मा ने कहा कि उपनेता प्रतिपक्ष की योजनानुसार गौ रक्षण मिशन के प्रथम चरण में चूरू विधानसभा की गौशालाओं में ये वैक्सीन उपलब्ध करवाई जाएगी तथा बाद में पूरे जिले की गौशालाओं में वैक्सीन दी जाएगी।

# गायों को लम्पी से बचाने के लिए लगाए टीके



**निकटवर्ती ग्राम ढाणी कुम्हारान में ग्राम के युवा गायों को दवा और टीके लगाने के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।**

**बीदासर,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम ढाणी कुम्हारान में गायों को लम्बी स्कीन रोग से बचाने के लिए ग्राम के गौभक्त ग्रामीण सेवा कार्य कर रहे हैं। ग्राम के युवा गायों को दवा और टीके लगाने के कार्यों में बढ्ढ-चढ्ढकर भाग ले रहे हैं।

पंचायत समिति सदस्य रामकरण प्रजापत ने बताया कि शनिवार को पशु चिकित्सक डॉ. जीवराज सिंह के निर्देशन में चिकित्सकीय टीम द्वारा गायों में रोग के संक्रमण को रोकने के लिए ग्राम की करीब 200 गायों को टिके लगाने का कार्य किया गया तथा गायों पर दवा का छिड़काव किया गया। साथ ही बीमार गौवंश का उपचार किया गया। दवा छिड़काव एवं उपचार कार्य में ग्राम के युवाओं के पूरा सहयोग किया।

# कर्नल किरोड़ी बैंसला की अस्थि कलश यात्रा निकलेगी

**खेतड़ी,** (निसं)। गुर्जर समाज के आरक्षण की अलख जगाने वाले कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला की अस्थि कलश यात्रा निकलेगी। यह यात्रा रक्षाबंधन के बाद शुरू होगी। जिसका शुभारंभ झुंझुनूं के खेतड़ी से होगा। यह यात्रा प्रदेश के गुर्जर बाहुल्य 75 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी और 12 सितंबर को पुष्कर में जाकर संपन्न होगी।

इस यात्रा की तैयारियां जोर-शोर

■ **रक्षाबंधन के बाद झुंझुनूं के खेतड़ी से शुरू होगी यात्रा**

से शुरू हो गई है। इसी तैयारियों के सिलसिले में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के पुत्र विजय बैंसला झुंझुनूं के खेतड़ी पहुंचे। जहां उन्होंने गुर्जर समाज के लोगों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की चर्चा की। चर्चा के बाद तय किया गया कि यह यात्रा रक्षा बंधन के बाद शुरू होगी। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम खेतड़ी के राजोता में किया जाएगा। इस मौके पर विजय बैंसला ने बताया कि अस्थि कलश यात्रा खेतड़ी से शुरु होकर गुर्जर बाहुल्य क्षेत्रों की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के गांवों से होकर जाएगी। जिसमें कलश की पूजा पाठ का कार्यक्रम किया जाएगा। अस्थि कलश का विसर्जन पुष्कर में 12 सितंबर को किया जाएगा। उस दिन गुर्जर समाज के लोग कई तरह के कार्यक्रम करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कर्नल के विचारों को भी समाज के लोगों में जागृति फैलाने के लिए उनके संदेशों को बताया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कर्नल बैंसला ने शिक्षा को सर्वोपरि माना था। महिलाओं को भी शिक्षित करने का आव्हान किया था।

उन्होंने कहा था कि महिलाओं को शिक्षित कर दो समाज की तरक्की हो जाएगी। आज एमबीसी समाज की महिलाएं भी पढ्ढ लिख कर ऊंचे पदों पर नौकरियां कर रही है। कार्यक्रम के संयोजक प्रभु राजोता ने कर्नल बैंसला के अस्थि कलश पूजा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया अस्थि कलश को विशेष रथ में लाया जाएगा तथा कार्यक्रम में गुर्जर समाज के 20 हजार लोग शामिल होंगे। इससे पहले विजय बैसला के निजामपुर मोड़ पहुंचने पर फूलों की बरसात के साथ स्वागत किया गया तथा युवाओं ने बैंसला को डीजे के साथ कंधे पर बैठाकर हीरामल महाराज मंदिर तक ले जाया गया। रास्ते में लोग कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला अमर रहे के नारे भी लगा रहे थे। विजय बैंसला को देखने के लिए महिलाओं की भीड़ भी मौके पर जुटी हुई थी।



**गुर्जर समाज के आरक्षण की अलख जगाने वाले कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला की अस्थि कलश यात्रा निकलेगी।**

## झोलाछाप पशु चिकित्सकों पर होगी कार्रवाई

**चूरू,** (कासं)। जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने एक आदेश जारी कर कहा है कि प्रदेश में लंपी स्किन डिजीज के दौरान अवैध रूप से पशु चिकित्सा कर पशुपालकों से पैसा एंठने वाले झोला छाप लोगों को दंडित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश एवं प्रदेश के अधिकांश हिस्से में मवेशियों की लम्पी स्किन डिजीज का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। झोलाछाप व अपंजीकृत व्यक्तियों द्वारा पशु चिकित्सा का कार्य कि जाने से पशुपालकों को आर्थिक हानि हो रही है तथा रोगग्रस्त पशुओं को उचित उपचार, देखभाल भी नहीं मिल पा रही है। जिला प्रशासन के निर्देशन में पशुपालन विभाग चूरू द्वारा त्वरित कार्यवाही दल का गठन कर सम्पूर्ण जिले में सर्वे, पशुओं का आईसोलेशन एवं बीमार पशुओं का उचित उपचार व जन जागरुकता का कार्य किया जा रहा है। झोलाछाप व अपंजीकृत व्यक्तियों द्वारा पशुपालन विभाग व प्रशासन के कार्य को प्रभावित किया जाना मिलने पर उन पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस प्रकार की अवैध गतिविधि एवं झोलाछाप व अपंजीकृत व्यक्तियों द्वारा की जा रही पशु चिकित्सा को तत्काल प्रभाव से रोकने हेतु उपाय किये जाने जरूरी है।

# झुंझुनूं शहर भाजपा की कार्यशाला में हर घर तिरंगा अभियान पर हुई चर्चा

**झुंझुनूं,** (निसं)। देश के 75वें स्वतंत्रता दिवस आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम में प्रत्येक घर तक तिरंगा वितरण को लेकर झुंझुनू मंडल की कार्यशाला नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र भांबू, कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा बगड़, संगठन प्रभारी अरुणा सिहाग, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सीमा अग्रवाल उपस्थित रहे।

अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने मंडल पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि प्रत्येक घर व व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर 13 अगस्त से 15 अगस्त के मध्य तिरंगा लगे उसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को इस अभियान में अपना योगदान देना है। कार्यक्रम प्रभारी राकेश शर्मा बगड़ ने अमृत महोत्सव पर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपनी बूथ के प्रत्येक घर पर तिरंगा वितरण की जिम्मेदारी सौंपी। जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र भांबू ने अपनी ओर से तिरंगों की व्यवस्था करने का विश्वास दिलाया व तिरंगे वितरण हेतु अपने सुझाव दिए। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रामनिरंजन पुरोहित, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान, नगर महामंत्री रवि लांबा, दलीप सैनी, विजेंद्र हटवाल, विकास पुरोहित, ताराचंद कुमावत, पार्षद प्रमोद बुडानिया, रामनिवास सैनी, नगर मंत्री जगदीश गोस्वामी, ललित जोशी, पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला, कोषाध्यक्ष सीए लोकेश अग्रवाल, असगर पहाड़ियांन, एससी मोर्चा उपाध्यक्ष शंभू नेहरा, महिला मोर्चा की ममता शर्मा, मंजू चौहान, मधुर मुरारका, ख्यालीराम कुमावत, जाकिर चौहान, जाकिर चौहान, पार्षद कुलदीप पूनियां, सुमेर कड़वासरा, महेंद्र सोनी मणि विहार, कैलाशचंद्र कुमावत, राकेश मोटर शहीद मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी प्रकार बगड़ मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष एवं नगर पालिका बगड़ चेयरमैन गोविंद सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें अतिथि के रूप में ज़िला उपाध्यक्ष राजेंद्र भांबू, कार्यक्रम प्रभारी ज़िला उपाध्यक्ष रामनिरंजन पुरोहित, ज़िला महामंत्री सरजीत चौधरी, ज़िला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा एवं ज़िला प्रवक्ता कमलकांत शर्मा उपस्थित रहे।

इस मौक़े पर नरेश शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, कुलोद मंडल की बैठक अध्यक्ष सतीश खीचड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई।




**झुंझुनू मंडल की कार्यशाला नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।**

## रास्ता सही करवाने की मांग

**रतनगढ़,** (निसं)। प्रतिवर्ष रामचंद्र पार्क के पास धुरमेडी पर गोगा नवमी पर बहुत बडा मेला भरता है। मेले में शहर की विभिन्न गोगा मेडियों से भक्त जन निशान लेकर आते हैं !वर्तमान में मेला स्थल पर बने हुए रास्ते को सीवरेज का काम चलने के कारण एलएनटी कंपनी द्वारा क्षितठास्त कर दिया गया है, जिसके कारण मेला भरने मे परेशानी आ रही है। उक्त समस्या को लेकर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अरविन्द इंदौरिया ने वार्ड नं 44 व 11 की जनता की जनभावना को देखते हुए एलएनटी कंपनी के सुपरीडेंट अधिकारी पीके झा से दूरभाष पर बात की, जिस पर उन्होंने तुरंत ही एसीएम राकेश सिंह व भूवनेश चौधरी, मुख्तियार को मौके पर भेज कर मौका मुआयना करने के लिए कहा। मौका देखने के बाद एलएनटी के अधिकारियों ने इंदौरिया को आश्वस्त करते हुए बताया कि क्षितठास्त रास्ते पर जल्दी से जल्दी काम करवाते हुए मेला भरने से पहले पहले पुरा काम करवा दिया जायेगा, जिससे धुरमेडी पर आने वाले जातरूओं व भक्तजनों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इस मौके पर गोपाल हरितवाल, लूणाराम भार्गव, गुरूजी धर्मचंद भार्गव, राजकुमार भार्गव, भगत गिरधारीलाल भार्गव, माणकचंद प्रजापत, महेश कुमार भार्गव, सुर्य प्रकाश शर्मा, बाबूलाल खटीक, दौलत सामरिया, पवन हरितवाल, राकेश भार्गव, मदनलाल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## क्लस्टर कैंप का हुआ आयोजन

**रतनगढ़,** (निसं)। स्थानीय संचिया लाल बैद राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मतदाता आधार नंबर संठाहण अभियान के तहत क्लस्टर कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल साक्षरता क्लब सचिव व बूथ लेवल अधिकारी रामचंद्र ने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाता के निर्वाचन पहचान पत्र को आधार कार्ड से स्वैच्छिक रूप से जोड़ा जा रहा है। इस योजना का प्रारंभ 1 अगस्त से हुआ है, इससे निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता आएगी। कैंप में 25 मतदाताओं के पहचान पत्र, आधार कार्ड से जोड़े गए। इस अवसर पर श्रवण कुमार, बीएलओ पर्यवेक्षक नरेंद्र स्वामी, मनोज सारस्वत, बीएलओ गणेशाराम शर्मा, रुकमणी, महेंद्र पांडे ,गुड्डी मीणा, सरोज महला, वंदना अठावाल, ममता शर्मा मुकेश धानिया, साधना शर्मा, नीतू वर्मा, सरला वैष्णव,कमला देवी सहित अनेक मतदाता उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन मनोज सारस्वत ने किया।

# 'मवेसियों में फैल रहे लम्पी रोग को रोकने के लिये अभियान चलाकर कार्य करें'

■ **नोडल क्षेत्र पशुपालन विभाग राजगढ में 9 आरआरटी के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि पूनियां ने सभी पशुपालक व गौशाला प्रबंधन समितियों से अनुरोध किया**

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान राज्य के अन्य जिलों के अनुसार चूरू जिले के राजगढ तहसील में भी मवेशियों में लम्पी स्कीन डिजिज (एल.एस्.डी.) का प्रकोप बढ रहा है। नोडल क्षेत्र पशुपालन विभाग राजगढ में 9 आरआरटी का वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि पूनियां के नेतृत्व में गठन कर सभी संस्थाओं को रोग की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है।

डॉ. रवि पूनियां ने सभी पशुपालक व गौशाला प्रबंधन समितियों से अनुरोध किया है कि उनके यहां कोई भी मवेसी लम्पी स्कीन डिजिज से ग्रस्ति पाया जाता है उसे तुरन्त प्रभाव से स्वस्थ पशुओं से अलग कर साफ-सुथरें बाडे में पृथक से रखा जावे एवं चारा-पानी भी स्वस्थ्य पशुओं से अलग दिया जावे। साथ ही साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जावें तथा नजदीकी पशु चिकित्सा संस्थान से सम्पर्क कर आवश्यक उपचार की कार्यवाही करावें। उन्होंने बताया कि पशुपालक अपने बाडों में तथा गौशाला प्रबंधन समितियां गौशालाओं में कीटनाशक घोल का छिडकाव कर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें तथा साथ ही बाडों में नीम व गुगल आदि से धुआं कर मक्खी मच्छर व अन्य कीट-पतंगों को बाडों से दूर रखने का प्रयास करें। डॉ पूनियां ने बताया कि संक्रामक रोग से मृत पशु को 1.5 मीटर गहरे गड्ढे में चूने या नमक के साथ दबा दे एवं मृत पशु के सम्पर्क में रही वस्तुओं व स्थान को फिनाइल लाल दवा आदि से कीटाणु रहित करें।

नोडल क्षेत्र राजगढ में संचालित समस्त 27 गौशालाओं में विभाग के एस.वी.डी./वी.डी. की देख-रेख में एन्टीसेप्टीक घोल का स्प्रे करवाया जा रहा है। डॉ पूनियां ने बताया कि राजगढ क्षेत्र की ०7 गौशालाओं में 57 लम्पी स्कीन डिजिज ग्रस्त गौवंश उपचाराधीन हैं तथा गौशालाओं में अभी तक एक भी पशु की मृत्यू इस बीमारी से नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त ०9 गाँवों में 38 पशुओं में इस बीमारी से ग्रस्ति पशुओं का भी उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लम्पी स्कीन डिजिज एक वायरस जनित संक्रामक बीमारी है जो पशुओं से मनुष्य में नहीं फैलती।

# इंद्रमणि पार्क की भी दीवार गिरी



**इंद्रमणि पार्क की दक्षिण पूर्व दिशा की गिरी हुई दीवार।**

■ **पार्षद ने तुरंत जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सूचना दिए जाने के दो दिन बाद इसकी सुध ली**

**चूरू,** (कासं)। इंद्रमणि पार्क की दक्षिण पूर्व दिशा की दीवार पांच दिन पहले अचानक गिर गई थी, जिसकी सूचना राहगीरों द्वारा वार्ड नंबर 31 के पार्षद जगदीश मेघवाल को दी गई। पार्षद ने तुरंत मौके पर पहुंच कर जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सूचना दिए जाने के दो दिन बाद इसकी सुध ली गई। वह भी आधी अधूरी, इस टूटी दीवार के आगे का 20 से 25 फुट का हिस्सा झुक गया था।

नगर परिषद सभापति व एईएन को भी इसकी सूचना दी। एईएन को मौके पर बुलाकर पूर्व दिशा की दीवार जिसमें दो जगह क्रेक आई वह भी दिखाकर बताया कि यह दीवार भी गिरने वाली है। इस पर एईएन ने कहा कि इसे तो लेबर से तुड़वायेंगे, 2 दिन बाद जेसीबी द्वारा रास्ता खोला गया। इसके आगे की दीवार को भी तोड़ने के लिए कहा तसे वहां बिजली के तारों का हवाला देकर यह कहकर चले गए की तार हटाते ही आकर इसे तोड़ देंगे। बार-बार फोन करने के बाद भी आज तक कोई नहीं आया, नतीजा आज दोपहर यह दीवार गिर गई। स्थानीय लोगों के अनुसार सामने के घर का एलुमिनियम का दरवाजा टूट गया है।

## किसान सभा के जिला सम्मेलन की तैयारी शुरू

**चूरू,** (कासं)। अखिल भारतीय किसान सभा का 29 वां दो दिवसीय जिला सम्मेलन 22 व 23 अगस्त 2022 को दो चूरू के ओंकार वाटिका में होगा, जिसकी तैयारी को लेकर आज शिक्षक भवन में स्वागत समिति का गठन किया गया। यहां डॉ. राहुल कस्वां को अध्यक्ष चुना गया है। इसी प्रकार सचिव सरपंच रणजीत श्योराण व कोषाध्यक्ष दीपाराम प्रजापत को चुना गया है। यहां 15 सदस्य स्वागत समिति बनाई गई है। किसान सभा के जिला मंत्री उमरावसिंह सारण ने बताया कि जिला सम्मेलन में जिलेभर के प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्धघाटन किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष पूर्व विधायक पेमाराम करेंगे। मुख्य अतिथि किसान सभा के प्रदेश महामंत्री छगनलाल चौधरी रहेंगे। जिलाध्यक्ष इंद्राजसिह ने बताया कि 29वे जिला सम्मेलन में दो दिन जिलेभर के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

## कुम्भाराम लिफ्ट परियोजना का बजट स्वीकृत होने पर विधायक मोदी का होगा सम्मान

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी के अथक प्रयासों से कुम्भाराम लिफ्ट परियोजना के द्वितीय फैज कार्य योजना को लेकर 8798.42 करोड़ रूपये की अभूतपूर्व सौगात मिलने पर आज रविवार को चला, सिरोही से लेकर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर नीमकाथाना क्षेत्र के नागरिको द्वारा स्वागत एवं अभिनन्दन किया जाएगा।

विधायक सुरेश मोदी ने क्षेत्रवासियों को ऐतिहासिक सौगात देते हुए विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए प्रमुख वादे को पूरा किया है। कुम्भाराम लिफ्ट परियोजना का पानी मिलने पर हर शहर, कस्बा, गॉव व ढाणी के घर-घर तक आने वाले कुछ दिनों के पश्चात् क्षेत्रवासियों को पेयजल समस्या से पूरी तरह निजात मिलने वाली है। विधायक मोदी क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या को लेकर विगत तीन सालों से कुम्भाराम लिफ्ट परियोजना का पानी लाने का प्रयास कर रहे थें। इसके लिए विधानसभा में भी कई बार मुद्दा उठाया गया। विधानसभा क्षेत्र में कई इलाके ऐसे है जिनमें पानी सूखने के कारण लोगों को पीने का पानी अन्यत्र स्थानों से टैंकरो के जरिए मंगवाना पड़ता है। लेकिन अब कुम्भाराम लिफ्ट परियोजना का बजट राशि स्वीकृत होने पर क्षेत्र के लोगो को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। नीमकाथाना शहर व ग्रामीण की पेयजल की भविष्य की समस्यायें और मुश्किलें जो सदैव विधायक को चिंतित किए हुए थी, अब उसका रास्ता साफ हो गया है। वर्तमान में पेयजलापूर्ति भूगर्भ जल दोहन पर निर्भर है और भूमिगत जल का लगातार गिरता स्तर हमेशा भविष्य के लिए चिंता का सबब बना हुआ था। इस योजना से जहाँ भूगर्भीय जल पर पेयजल के लिए निर्भरता कम होगी।

# विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने हरी झंडी दिखाकर बस का शुभारंभ किया

**सादुलपुर,** (निसं)। आजादी के बाद पहली बार विधानसभा क्षेत्र सादुलपुर के गाँव गालड से रतनगढ तक शुरू हुई राजस्थान रोडवेज बस का शुभारंभ शुक्रवार को स्थानीय विधायक एवं राजस्थान क्रीडा परिषद अध्यक्ष पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनियां ने विधिवत रूप से शुभारंभ किया।

ज्ञातव्य है कि क्षेत्र की माँग पर सादुलपुर विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया के अथक प्रयासों से राजगढ से गालड के लिए राजस्थान रोडवेज बस सेवा शुक्रवार से शुरू हो गई हैं। जो गालड से रेजडी, धानोठी छोटी, धानोठी बडी, न्यांगल बडी, हांसियावास, भगेला, ख्याली, नरवासी, ढंढाल लेखू और ढंढाल शेरा से राजगढ होते हुए रतनगढ तक का सफर तय करेगी। इस दौरान विधायक डॉ कृष्णा पूनिया ने कहा कि इस रूट के सभी गाँवों की वर्षो पुरानी माँग आज पूरी हुई हैं। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार सभी वर्गो के लिए विकास योजनाओं को मूर्त रूप दे रही है तथा सभी की समस्याओ का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है।

इस मार्ग पर यात्री बस चलने से 10 से अधिक गाँवों के ग्रामीणों को इस बस सेवा का लाभ मिलेगा। जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन के लिए बेहतर परिवहन की सुविधाएं मिल सकेगी। वहीं विधायक कृष्णा पूनिया ने क्षेत्र के लोगों को नई बस संचालन होने पर बधाइयां भी दी तथा अनेक महिला पुरूषों ने आजादी के बाद इस मार्ग पर राजस्था रोडवेज की बस का संचालन करवाने पर विधायक डॉ कृष्णा पूनियां का भव्य स्वागत किया।

गौरतलब है कि यह बस गालड से सुबह 7 बजे चलकर सुबह 9.45 बजे राजगढ पहुँचेगी और राजगढ से चलकर 11.15 बजे पर चूरू पहुँचेगी, जिससें इन गाँवों को जिला मुख्यालय तक जाने में भी आसानी होगी। और वापसी में दोपहर 1.45 बजे रतनगढ से चलेगी और 3.10 बजे चूरू से चलकर राजगढ पहुँचेगी। इसके बाद शाम 5.00 बजे राजगढ से गालड के लिए रवाना होगी जो शाम 7.00 बजे गालड पहुँचेगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्रामीणों ने विधायक डॉ कृष्णा पूनिया एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का धन्यवाद ज्ञापित किया।



**गालड से रतनगढ़ के लिए राजस्थान रोडवेज की बस का संचालन शुरू होने पर आयोजित समारोह में ग्रामीणों को सम्बोधित करती विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनियां।**

## दिनभर धनखड़ के गांव में हुए धार्मिक आयोजन



**उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जन्म स्थल किठाना गांव जीत को लेकर उत्साहित दिखा।**

**चिड़ावा,** (निसं)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जन्म स्थल किठाना गांव जीत को लेकर उत्साहित दिखा। गांव में उनकी बड़ी जीत की कामना को बेहद दिन में गांव के प्राचीन मंदिर ठाकुर जी के मंदिर में सुबह से ही ग्रामीण हवन व कीर्तन में जुटे रहे।

गांव की महिलाएं ठाकुर जी के दरबार में भजन गाकर भगवान को रिझाती नजर आई। ग्रामीणों ने बताया कि बचपन से लेकर अब तक धनखड़ का गांव से विशेष जुड़ाव रहा है। राज्यपाल बनने के बाद भी वे गांव को नहीं भूले। वे जब भी समय मिला गांव आकर गए और ग्रामीणों से बेहद स्नेह से मिले। गांव के प्राचीन ठाकुर जी के मंदिर का जीर्णोद्धार भी वर्ष 2011 में धनखड़ ने ही करवाया। धनखड़ का जोड़िया गांव में बने बालाजी मंदिर से भी जुड़ाव रहा। वे जब भी गांव आए तो उन्होंने इन मंदिरों में दर्शन करना नहीं भूला। गांव के लोग आज इसे लेकर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं।

# एसएमएस अस्पताल से अपहृत मासूम दिव्यांश सकुशल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी हेमेन्द्र के घर में 4 बेटियां थी, बेटे की चाहत में उसने 1 माह तक रैकी के बाद 4 महीने के दिव्यांश को चुराया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल के बांगड़ यूनिट से चोरी किए गए 4 महीने के मासूम बच्चे को जयपुर पुलिस ने सकुशल दस्तयाब कर लिया है। 3 दिन बाद पुलिस ने बच्चे को शिप्रा पथ इलाके के रीको इंडस्ट्रियल एरिया की पवन विहार कॉलोनी से दस्तयाब किया है। बच्चे को किडनैप करने वाले आरोपी राजू उर्फ हेमेंद्र निवासी नदबई (भरतपुर) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी हेमेंद्र के घर में 4 बेटियां थी, और बेटा नहीं था। ऐसे में बेटे की चाहत में हेमेंद्र ने करीब 1 महीने तक रैकी करने के बाद 4 महीने के दिव्यांश को सवाई मानसिंह अस्पताल से चुरा लिया।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अजयपाल लाम्बा ने बताया कि आरोपी ने वारदात को अंजाम को अंजाम देने के लिए कई दिन तक दिव्यांश के परिजनों की मदद की और उन्हें विश्वास में लिया। चार दिन पहले बांगड़ अस्पताल में मौका देख कर वह बच्चे का किडनैप कर फरार हो गया। 3 दिन तक आरोपी ने इस बच्चे को अपने घर पर छुपाए रखा। अचानक से महेश नगर थाने के कांस्टेबल भीम सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जयपुर शहर के अस्पताल से गायब हुआ 4 महीने का मासूम दिव्यांश शिप्रापथ के रीको इंडस्ट्रियल एरिया के पवन विहार कॉलोनी में एक मकान में देखा गया है। सूचना पर कांस्टेबल भीम सिंह खुद अकेला कॉलोनी में पहुंचा और आरोपी के बारे में सूचना जुटाना शुरू कर दिया। सूचना पुख्ता हो जाने के बाद कांस्टेबल भीम सिंह ने महेश नगर थाने की मदद से आरोपी को बच्चे के साथ रंगे हाथों दबोच लिया। जब वह आरोपी के घर पर पहुंचा तो बच्चा सकुशल उसके परिजनों की गोद में खेल रहा था।




पुलिस ने मासूम के अपहर्ता हेमेन्द्र को गिरफ्तार कर बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

- **महेश नगर थाने के कांस्टेबल भीम सिंह ने मुखबिर की मदद से दिव्यांश का पता लगाया, सूचना पुख्ता होते ही आरोपी को दबोच लिया**
- **6 माह से बच्चे के अपहरण की योजना बना रहा था आरोपी, सिंधी कैंप बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी कोशिश की, लेकिन सफल न हो सका**
- **पुलिस इस पूरे प्रकरण में आरोपी हेमेंद्र के परिवार की भूमिका भी जांच रही है, ऐसे में बाकी लोगों की गिरफ्तारी भी हो सकती है।**

पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी राजू उर्फ हेमेंद्र पिछले 6 महीने से अपने लिए एक बच्चे की किडनैपिंग करने की योजना बना रहा था। उसे बच्चे की चाहत थी। ऐसे में सिंधी कैंप, रेलवे स्टेशन पर भी आरोपी ने बच्चा किडनैप करने की योजना भी बनाई थी। लेकिन इस योजना में आरोपी फेल हो गया। मौका देख कर आरोपी सवाई मानसिंह अस्पताल से ये बच्चा चोरी करने में कामयाब हो गया। हालांकि इस पूरे प्रकरण में हेमेंद्र के परिवार की भूमिका को लेकर भी पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। किडनैपिंग के इस प्रकरण में परिवार की भूमिका पाए जाने पर अन्य लोगों को भी पुलिस गिरफ्तार कर सकती है। पुलिस ने बच्चे को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। उधर बच्चे के मिलने की सूचना मिलने पर परिवार दौसा से जयपुर पहुंचा। बच्चे के दादा कालू, दादी सहित अन्य परिवारजन कमिश्नरेट पहुंचे। पुलिस ने बच्चे को परिवार को सुपुर्द कर दिया। जिसके बाद परिवार खुश नजर आया। बच्चे को पाकर परिजनों की आंखें खुशी से भीग गई।

एडि. कमिश्नर (फर्स्ट) अजय पाल लाम्बा ने बताया कि आरोपी हेमेंद्र उर्फ राजू (29) मूलतः नदबई, भरतपुर का रहने वाला है। वह मानसरोवर इलाके में किराए से रहकर दिहाड़ी मजदूरी के लिए रोज मानसरोवर वीटी रोड चौराहे पर जाता था। पिछले चार दिन से वह चौराहे पर नहीं आ रहा था। बच्चा चोरी करने के बाद वह किसी से मिल भी नहीं रहा था।

हॉस्पिटल से बच्चा चोरी के बाद आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। तलाश के लिए आमजन को बच्चा चोर का हुलिया जारी किया गया। हुलिए के आधार पर पुलिस को आरोपी राजू के बारे में पता चला। पुलिस ने शनिवार सुबह राजू के मोबाइल नंबर वीटी रोड चौराहे पर खड़े होने वाले उसके साथियों से लिया था। कॉन्टैक्ट करने पर राजू ने खुद को गांव में होने की जानकारी दी। पुलिस ने लोकेशन निकलवाई तो वह जयपुर की आई। राजू के घर पुलिस ने शनिवार शाम करीब 4 बजे दबिश दी। घर में दिव्यांश उसकी मां-पत्नी की गोद में खेलता मिला। राजू और बच्चे को पुलिस थाने ले आई। जांच में सामने आया है कि आरोपी के परिवार में बच्चे की जरूरत थी। इसके चलते उसने एसएमएस हॉस्पिटल से बच्चा दिव्यांश चुराया था।

ज्ञात रहे कि दरअसल, दौसा के कालूराम ने पोते आयुष को 24 जुलाई बांगड़ हॉस्पिटल को भर्ती करवाया था। उसकी रीढ़ की हड्डी में परेशानी है। इस दौरान मदद के बहाने आरोपी भी कालूराम के साथ हो गया। वो उन्हें खाना लाकर देता था, अस्पताल में दवाई लाना और अन्य काम में मदद करने लगा। बच्चे के दादा-दादी को कॉन्फिडेंस में लिया। बुधवार को खाना खाने के दौरान दादा ने 4 माह के दिव्यांश को आरोपी को दे दिया। इसी का फायदा उठा फरार हो गया।

# 28 साल तक शिक्षक ने नौकरी की, अब सरकार ने चयन ही अवैध माना

- **याचिका में कहा कि विभाग में कई बार अभ्यावेदन देने के बाद भी उसे नियमित नहीं किया गया**
- **सेवानिवृत्ति के बाद उसे पेंशन परिलाभ नही दिये गये तो उसने हाईकोर्ट में याचिका पेश की**
- **अदालत ने बीकानेर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और जिला शिक्षाधिकारी को हाजिर होने के आदेश दिये**

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक की सेवानिवृत्ति के बाद उसके चयन को अवैध मानने पर बीकानेर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और जिला शिक्षाधिकारी को तीस अगस्त को हाजिर होने के आदेश दिए हैं। जस्टिस इंद्रजीत सिंह ने यह आदेश रामस्वरूप शर्मा की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता की नियुक्ति 24 अप्रैल, 1990 को बीकानेर जिला परिषद में हुई थी। विभाग में कई बार अभ्यावेदन देने के बाद भी उसे नियमित नहीं किया गया। वहीं जून, 2018 को वह जयपुर के दूदू से सेवानिवृत्त हो गया। जब उसे पेंशन परिलाभ नहीं दिए गए तो उसने हाईकोर्ट में याचिका पेश की। इस पर सुनवाई करते हुए गत दिनों अदालत ने विभाग से जवाब मांगा था। इसके जवाब में विभाग ने कहा कि याचिकाकर्ता की नियुक्ति पूर्ण रूप से अस्थाई तौर पर हुई थी। शिक्षक ने अप्रैल 199 को जिला स्थापना समिति को अध्यापक चयन के लिए आवेदन किया, लेकिन संवीक्षा रिपोर्ट पर प्रभारी अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं होने तक उसकी बीएसटीसी की डिग्री की जांच रिपोर्ट नहीं होने के कारण उसका चयन नहीं किया गया। वहीं बाद में उसका तबादला बीकानेर से जयपुर में हो गया।

ऐसे में रिकॉर्ड के अभाव में आगे की कार्रवाई नहीं हो पाई। इसके अलावा जयपुर से इस संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं आने के कारण जिला स्थापना समिति, बीकानेर द्वारा चयन की कार्रवाई नहीं की गई। जवाब में यह भी कहा गया कि याचिका दायर करने के बाद विभाग ने याचिकाकर्ता के डिप्लोमा की जांच के लिए कमेटी गठित की। कमेटी को संबंधित संस्था ने बताया कि प्रयागराज हाईकोर्ट के वर्ष 2004 के आदेश पर संस्था का रिकॉर्ड सीज होने के कारण याचिकाकर्ता की अंकतालिका का सत्यापन नहीं हो पाएगा। वहीं कमेटी को राष्ट्रीय पत्राचार संस्थान, कानपुर की रजिस्ट्रार गीता मिश्रा ने बताया कि संस्थान ने याचिकाकर्ता को उपाधि नहीं दी है।

ऐसे में जिला स्थापना समिति ने गत दो अगस्त को याचिकाकर्ता के प्राइमरी टीचर प्रमाण पत्र को वैध नहीं मानते हुए उनका स्थायीकरण नही करने का निर्णय लिया है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी और जिला शिक्षाधिकारी को हाजिर होकर जवाब देने को कहा है।

# पिछले चौबीस घंटों में छह सौ नए करोना संक्रमित मिले राजस्थान में

## राज्य में शनिवार को सबसे ज्यादा 214 मरीज जयपुर में मिले हैं

**जयपुर।** प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में भारी वृद्धि होने लगी है। शनिवार को राज्य में शुक्रवार के मुकाबले 169 मामले बढ़ने के साथ ही 600 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर तीन हजार के पार हो गए हैं।

प्रदेश में जांचें बढ़ने के साथ ही करोना के मामले बढ़ने लगे हैं। शनिवार को 12 हजार 523 जांचों हुई। इस दौरान 25 जिलों में छह सौ नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को 431 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में नए संक्रमितों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। पिछले चौबीस घंटों में यहां सर्वाधिक 214 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही जयपुर में संक्रमण की दर 9.41 फीसदी हो गई है। वहीं जोधपुर में आज 55, अलवर में 53, उदयपुर में 45, अजमेर में 38, दौसा में 27, चित्तौड़गढ़ में 25, कोटा में 18, नागौर व सीकर में 17, सिरोही व डूंगरपुर में 14-14, राजसमंद में 11, भीलवाड़ा में 9, जैसलमेर में 8, बीकानेर, धौलपुर, व झालावाड़ में 7-7, बाड़मेर में 4, बांसवाड़ा व सवाई माधोपुर में 3-3, भरतपुर, चूरू, हनुमानगढ़ व पाली में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

प्रदेश में पिछले कई दिनों से रिकवरी कम हो रही है। राज्य में शनिवार को भी केवल 191 मरीज ही ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 3016 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 1057 मामले जयपुर जिले में हैं। इसके अलावा उदयपुर में 257 और जोधपुर में 222 मरीजों का इलाज चल रहा है। राज्य में शनिवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि इस बीमारी से अब तक 9589 लोगों की जान जा चुकी है।

राजधानी जयपुर में करोना संक्रमण का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। इसके चलते शनिवार को 50 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 40 नए मरीज सांगानेर इलाके में पाए गए हैं। इसके अलावा मानसरोवर में 21, जमवारामगढ़ में 11, कोटपूतली में 10, जगतपुरा व मालवीय नगर में 8-8, वैशाली नगर में 7, दुर्गापुरा, गोपालपुरा व जौहरी बाजार में 5-5, आदर्श नगर, गोविंदगढ़, झोटवाड़ा, शास्त्री नगर व सोड़ाला में 4-4, बनीपार्क, रामगंज व सिरसी में 3-3, आमेर, आमेर रोड, बस्सी, ब्रह्मपुरी, धोलपुरा, जवाहर नगर, जौहरी बाजार व खातीपुरा में 2-2 तथा अजमेर रोड, अजमेरी गेट, बजाज नगर, बापूनगर, सी-स्कीम, चाकसू, सिविल लाइन, चौमू, गलता गेट, घाटगेट, हरमाड़ा, लालकोठी, राजपार्क, रन नगर, रेनवाल, सिरसी रोड, सुभाष चौक, तिलक नगर, टोंक फाटक और विद्याधर नगर में 1-1 नया मरीज मिला है। वहीं 23 संक्रमितों का पता सही नहीं मिला है। जिले में पिछले चौबीस घंटों में सिर्फ 59 मरीज ठीक हुए हैं।

# पहले से काम कर रहे अधिकारी को राहत दी हाईकोर्ट ने

**जयपुर, (का.सं.)।** जल संसाधन विभाग में खंडीय लेखाकार के पद पर प्रयागराज से प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारी ने पद ग्रहण कर लिया, लेकिन राज्य सरकार ने इस पद पर पहले से ही काम कर रहे अधिकारी का तबादला नहीं किया। मामला हाईकोर्ट में आने पर अदालत ने अब पहले से काम कर रहे अधिकारी को पद पर बने रहने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने निदेशक राजकोष और महालेखाकार सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह ने यह आदेश यशवंत सिंह की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता भावना चौधरी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता अधिशासी अभियंता जल संसाधन, सीकर में खंडीय लेखाकार के रिक्त पद का काम देख रहा है। कार्यालय महालेखाकार राजस्थान ने गत 2 फरवरी को एजी कार्यालय प्रयागराज के अधीन अलीगढ़ में पदस्थापित भरत सिंह को याचिकाकर्ता के पद पर प्रतिनियुक्ति दे दी। वहीं याचिकाकर्ता का दूसरी जगह तबादला भी नहीं किया। इस संबंध में जल संसाधन विभाग ने निदेशक लेखाकार को पत्र लिखकर याचिकाकर्ता के संबंध में मार्गदर्शन भी मांगा था। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता के पद पर अन्य अधिकारी की प्रतिनियुक्ति दर्शाती है कि महालेखाकार कार्यालय ने बिना दिमाग लगाए मशीनी अंदाज में आदेश पारित किया है, जो नियम विरूद्ध है।

# पुरुष फोर्स लॉन बॉल में भारत को मिला रजत

बर्मिंघम, 6 अगस्त। भारतीय पुरुष फोर्स लॉन बॉल टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शनिवार को फाइनल में नॉर्थर्न आइलैंड से हारने के बाद रजत से संतोष किया। नॉर्थर्न आइलैंड ने भारत को 15-8 से मात देकर स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय टीम मैच के ज्यादातर हिस्से में मुकाबले से बाहर नज़र आयी, जबकि नॉर्थर्न आइलैंड ने एक के बाद एक पॉइंट स्कोर किया।

यह बर्मिंघम 2022 के लॉन बॉल आयोजन में भारत का दूसरा पदक है। इससे पहले भारतीय महिला फोर्स लॉन बोल टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को मात देकर ऐतिहासिक स्वर्ण पदक हासिल किया था। भारत अब तक राष्ट्रमंडल खेल 2022 में नौ स्वर्ण, 10 रजत और नौ कांस्य सहित 28 पदक जीत चुका है।



## पूजा गहलोत ने महिला 50 किग्रा में जीता कांस्य

बर्मिंघम, 6 अगस्त। भारतीय पहलवान पूजा गहलोत ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शनिवार को स्कॉटलैंड की क्रिस्टेल लेमोफेक को हराकर कांस्य पदक हासिल किया। पूजा ने कांस्य पदक मैच में स्कॉटलैंड की पहलवान को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर मात दी। क्रिस्टेल ने मैच की शुरुआत में पूजा को टेकडाउन कर दो अंक हासिल कर लिये थे, लेकिन पूजा ने बिना समय व्यर्थ किये 12 पॉइंट हासिल किये, जिसके बाद उन्हें तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर विजेता घोषित कर दिया गया।

## दिव्या और मोहित ने जीते कांस्य

बर्मिंघम, 6 अगस्त। दिव्या काकरान (महिला 68) और मोहित ग्रेवाल (पुरुष 125) ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीत लिए हैं। दिव्या काकरान ने शुक्रवार को टोंगा की टाइगर लिली लेमाली को मात देकर कांस्य पदक जीता। दिव्या ने कांस्य पदक मैच में टाइगर लिली को हराने के लिये सिर्फ 26 सेकंड का समय लिया। दिल्ली स्टेट चैंपियनशिप में 60 पदक जीत चुकी दिव्या ने मैच शुरू होते ही टाइगर लिली को अपनी गिरफ्त में कस लिया और उन्हें चित्त (विन बाई फॉल) करके मुकाबला जीता। मोहित ग्रेवाल ने 125 किग्रा के कांस्य पदक मैच में जमैका के आरोन जॉनसन को चित्त करके कांस्य पदक प्राप्त किया। भारत बर्मिंघम 2022 में अब तक 27 पदक जीत चुका है, जिसमें से छह पदक कुश्ती से आये हैं। साथ ही भारत नौ स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में पांचवें स्थान पर आ गया है।

# सिंधु सेमीफाइनल में, आकर्षी बाहर

बर्मिंघम, 6 अगस्त। भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शनिवार को मलेशिया की गोह जिन वी को 2-1 से मात देकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनायी, जबकि आकर्षी कश्यप स्कॉटलैंड की कर्स्टी गिलमोर से हारकर बाहर हो गयीं।

पुसरला वेंकट सिंधु ने गोह को तीन गेमों के मैच में 19-21, 21-14, 21-18 से मात दी। दोनों खिलाड़ी इससे पहले तीन बार आमने-सामने आ चुके थे और सिंधु ने तीनों बार जीत दर्ज की थी। बर्मिंघम 2022 के मिश्रित टीम फाइनल में भी दोनों ने एक दूसरे का सामना किया था, जहां सिंधु ने 22-20, 21-17 से सीधे गेमों में गोह को मात दी थी।

यहां हालांकि गोह ने अपनी भारतीय प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ बेहतर मुकाबला पेश किया। उन्होंने पहला गेम 21-19 से जीता और अगले दो गेमों में भी सिंधु को जीत हासिल करने के लिये बहुत मेहनत करनी पड़ी। सिंधु ने कोर्ट के हर कोने में शॉट खेले और अंततः गोह तीसरे गेम में बेहद थकी हुई और हतोत्साहित नज़र आयीं। नतीजतन सिंधु ने अगले दो गेम 21-14, 21-18 से जीतते हुए लगातार तीसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में कदम रखा।

दूसरी ओर, सिंधु की हमवतन आकर्षी कश्यप को अपने क्वार्टरफाइनल मैच में स्कॉटलैंड की कर्स्टी गिलमोर के हाथों 2-0 हार मिली। गिलमोर ने आकर्षी को 21-10, 21-7 के सीधे गेमों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी।

# इंग्लैंड पर रोमांचक जीत से भारत महिला क्रिकेट के फाइनल में

बर्मिंघम, 6 अगस्त। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मेजबान इंग्लैंड को शनिवार को रोमांचक सेमीफाइनल में चार रन से हराकर महिला क्रिकेट के फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने स्मृति मंधाना (61) और जेमीमाह रॉड्रिगेज़ (44) की पारियों की बदौलत पांच विकेट पर 164 रन बनाये और फिर इंग्लैंड की चुनौती को 20 ओवर में छह विकेट पर 160 रन पर रोक लिया।



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मृति ने भारत को मज़बूत शुरुआत दिलायी। उनकी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने पावरप्ले में 64 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट 76 रन पर शफाली वर्मा के रूप में गिरा जिन्होंने 17 गेंदों पर 15 रन बनाये। इसके फौरन बाद ही स्मृति भी 32 गेंदों पर 61 रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं।

कप्तान हरमनप्रीत कौर (20) के आउट होने के बाद पारी की कमान जेमीमाह और दीप्ति शर्मा ने संभाली। दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिये 38 गेंदों पर 53 रन जोड़े। दीप्ति 20 गेंदों पर दो चौकों की बदौलत 22 रन बनाकर आउट हो गयीं, जबकि रॉड्रिगेज़ ने 31 गेंदों पर सात चौके लगाकर 44 रन की नाबाद पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से फ्रेया केंप ने दो विकेट लिये जबकि कैथरीन ब्रंट और कप्तान नैटली सिवर ने एक-एक विकेट लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मृति ने भारत को मज़बूत शुरुआत दिलायी। उनकी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने पावरप्ले में 64 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट 76 रन पर शफाली वर्मा के रूप में गिरा जिन्होंने 17 गेंदों पर 15 रन बनाये। इसके फौरन बाद ही स्मृति भी 32 गेंदों पर 61 रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं।

कप्तान हरमनप्रीत कौर (20) के आउट होने के बाद पारी की कमान जेमीमाह और दीप्ति शर्मा ने संभाली। दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिये 38 गेंदों पर 53 रन जोड़े। दीप्ति 20 गेंदों पर दो चौकों की बदौलत 22 रन बनाकर आउट हो गयीं, जबकि रॉड्रिगेज़ ने 31 गेंदों पर सात चौके लगाकर 44 रन की नाबाद पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से फ्रेया केंप ने दो विकेट लिये जबकि कैथरीन ब्रंट और कप्तान नैटली सिवर ने एक-एक विकेट लिया।

आख़िरी ओवर में इंग्लैंड को छह गेंदों में 14 रन बनाने थे। आखिरी ओवर में भारतीय टीम सिर्फ़ तीन फ़ील्डर ही बाहर रख सकती थी क्योंकि धीमें ओवर रेट के कारण उन्हें पेनल्टी मिली थी। स्नेह राणा ने इस ओवर की तीसरी गेंद पर कैथरीन ब्रैंट को कप्तान हरमनप्रीत के हाथों कैच कराकर भारत की जीत का रास्ता खोल दिया। सोफ़ी एकलस्टन ने आखिरी गेंद पर छक्का मारा लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

इस जीत से झूम उठी भारतीय टीम। एक सपना जो उन्होंने देखा था इस टूर्नामेंट से पहले, अब वो उसके काफ़ी क़रीब पहुंच चुकी हैं। आज भारतीय टीम ने जिस तरीक़े से शुरुआत की थी, उससे यह साफ़ पता चल गया था कि वह इस मुक़ाबले को किस तरह से आगे बढ़ाना चाहती हैं। हालांकि इंग्लैंड की टीम ने भी लगातार दबाव बनाए रखा लेकिन मैच के आख़िरी पलो में वे भारतीय गेंदबाज़ी के सामने कारगर प्रहार करने में विफल रहीं।

भारतीय टीम की तरफ़ से पहले बल्लेबाज़ी में स्मृति और जेमिमाह ने बढ़िया बल्लेबाजी की और जब गेंदबाज़ी की बारी आई तो सभी स्पिनरों ने कमाल की गेंदबाज़ी की। इंग्लैंड की तरफ से कप्तान नैटली सीवर ने सर्वाधिक 41 और ओपनर डैनी वायट ने 35 रन बनाये। भारत की तरफ स्नेह राणा के दो विकेटों के अलावा दीप्ति शर्मा ने 18 रन पर एक विकेट लिया।

# प्रीमियर बैडमिंटन लीग का छठा सीजन 17 दिसंबर से होगा शुरू

नयी दिल्ली, 6 अगस्त। प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) की बहुप्रतीक्षित छठे सीजन के साथ वापसी हो रही है। यह सीजन 17 दिसंबर से 14 जनवरी तक आयोजित होगा। पीबीएल दुनिया की शीर्ष बैडमिंटन लीग्स में से एक है। इसका आयोजन भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के तत्वावधान में लीग के आधिकारिक लाइसेंस धारक- स्पोर्टसलाइव द्वारा किया जाता है।

महामारी के कारण लीग का छठा संस्करण दो बार के ब्रेक के बाद आयोजित किया जा रहा है। अब यह लीग एक बार फिर प्रशंसकों के लिए रोमांचक विश्व स्तरीय बैडमिंटन एक्शन लेकर आएगी। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के अध्यक्ष डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, हम पीबीएल की वापसी से रोमांचित हैं। यह भारतीय बैडमिंटन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसने देश में खेल के विकास में योगदान दिया है। इसने हमारे युवा खिलाड़ियों को इतने बड़े वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बहुत ही आवश्यक मौका प्रदान किया है, और इसकी वापसी का इंतजार पूरी बैडमिंटन बिरादरी को था। प्रीमियर बैडमिंटन लीग 2016 में अपनी शुरुआत के बाद से भारतीय बैडमिंटन उत्थान के मामले में एक गेम चेंजर के रूप में उभरा है।

बीएआई सचिव संजय मिश्रा ने कहा, भारतीय शटलरों को पीबीएल में दुनिया के महानतम खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए बहुत फायदा हुआ है। नवोदित खिलाड़ी सीनियर खिलाड़ियों से घुले-मिले हैं और इससे उनके आत्मविश्वास और अनुभवों में इजाफा हुआ है। मुझे दृढ़ विश्वास है कि लीग आने वाले समय में बहुत अधिक बेंच स्ट्रेंथ बनाने के लिए बीएआई को एक मजबूत मंच प्रदान करेगी। लीग के पिछले पांच संस्करणों में दुनिया के सबसे बड़े नामों जैसे भारतीय सितारों-सायना नेहवाल, पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत के साथ-साथ ओलंपिक चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन, डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन, ताइवान की ताई त्ज़ु-यिंग और मलेशिया के ली चोंग वेई ने हिस्सा लिया है।

स्पोर्टसलाइव के प्रबंध निदेशक प्रसाद मांगिपुडी ने कहा, यह हम सभी के लिए एक कठिन दौर था। हम बहुत भाग्यशाली हैं कि लोगों ने प्यार किया है और उनका प्यार इस लीग को बैडमिंटन की दुनिया की सबसे बड़े आयोजनों में से एक बनाता है। लीग की शुरुआत से लेकर आज की तारीख तक, भारत में खेल का स्तर काफी ऊपर चला गया है। हम भारत में बैडमिंटन के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस प्रकार, प्रीमियर बैडमिंटन लीग की वापसी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हम इस सीजन के दौरान प्रशंसकों के लिए हमेशा की तरह रोमांचक खेल का वादा करते हैं। थॉमस कप और राष्ट्रमंडल खेलों में जीते गए पदकों के बाद प्रीमियर बैडमिंटन लीग की वापसी निश्चित रूप से भारतीय बैडमिंटन प्रशंसकों और देश में इस खेल के प्रति रुचि जगाएगी।

# निखत, नीतू, पंघाल फाइनल में, जैस्मीन हारी

बर्मिंघम, 6 अगस्त। भारतीय मुक्केबाज निखत ज़रीन, अमित पंघल और नीतू घंघस ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शनिवार को अपने-अपने वर्ग के मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनायी, जबकि जैस्मीन लंबोरिया को हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन निखत ने महिला 50 किग्रा लाइट फ्लाइवेट सेमीफाइनल में इंग्लैंड की सवानाह अल्फिया स्टब्ली को 5-0 से रौंदा। पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रही निखत ने क्वार्टरफाइनल में वेल्स की हेलेना जोन्स को भी 5-0 से मात दी थी।

पंघल ने 51 किग्रा फ्लाइवेट सेमीफाइनल मैच में ज़ाम्बिया के पैट्रिक चिनयेंबा को सर्वसम्मत निर्णय से मात दी। पंघल लगातार दूसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने गोल्डकोस्ट 2018 खेलों में रजत पदक जीता था। उनका फ़ाइनल में वेल्स के कियारन मैक्डोनाल्ड से रविवार को मुकाबला होगा। दूसरी ओर, नीतू ने महिला 48 किग्रा सेमीफाइनल में कनाडा की प्रियंका ढिल्लन को मात दी। इस जीत के साथ उन्होंने अपने लिये रजत पदक पक्का कर लिया है। इसी बीच, जैस्मीन को सेमीफाइनल में इंग्लैंड की जेमा पेज रिचर्टसन के हाथों हार मिली।

# बीठनोक में 250 मेगावाट का लिग्नाइट पावर प्लांट लगाने पर केन्द्र व राज्य सहमत

## राज्य की मुख्य सचिव ऊषा शर्मा और केन्द्र के कोयला मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एम. नागाराजू के बीच जयपुर में इन परियोजनाओं पर चर्चा हुई

- इसके अतिरिक्त बीठनोक में ही 300 मेगावाट का एक और प्लांट व बरसिंगसर में 250 मेगावाट का पावर प्लांट लगाने पर भी सरकार विचार कर रही है।

बीकानेर, 6 अगस्त (कासं)। बीकानेर जिले के बीठनोक गांव में 250 मेगावाट का लिग्नाइट पावर प्लांट लगाने पर केन्द्र और राज्य सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गए हैं।एनएलसी इंडिया लिमिटेड इस प्रोजेक्ट के लिए डीपीआर बनाने में जुट गया है। जल्द एमओयू और इंस्टालेशन की प्रक्रिया शुरू होने का अनुमान है।

राज्य और केन्द्र के उच्चाधिकारियों के बीच हुई मीटिंग में इस प्रोजेक्ट पर सैद्धांतिक सहमति के साथ ही बीठनोक में ही 300 मेगावाट के सोलर प्लांट और बीकानेर के बरसिंगसर में 250 मेगावाट के लिग्नाइट पावर प्लांट के एक्सटेंशन पर भी बातचीत हुई है। ऐसे में ये दोनों प्लांट भी मंजूर हो जाते हैं तो जिले में 800 मेगावाट बिजली उत्पादन का रास्ता खुलेगा।

राज्य की मुख्य सचिव ऊषा शर्मा और केन्द्र के कोयला मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एम. नागाराजू के बीच जयपुर में इन परियोजनाओं पर चर्चा हुई है। लगभग 12 वर्ष पूर्व हुई यह प्रक्रिया कई कारणों से आगे नहीं बढ़ पाई। मीटिंग के बाद चीफ सैक्रेट्री ने बीठनोक में 250 मेगावाट प्लांट के लिए नए सिरे से डीपीआर बनाने का निर्देश दिया है। नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन के प्रोजेक्ट हैड जगदीश मजूमदार ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हम नए सिरे से पूरी योजना बनाकर सरकार को दे रहे हैं।

ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी का कहना है कि बीठनोक में लिग्नाइट पावर प्लांट का एमओयू हो चुका था। बिजली की लागत लगभग पांच रुपए यूनिट आ रही थी।

पूर्ववर्ती सरकार ने रेट ज्यादा बताकर एमओयू तोड़ दिया। एक बार फिर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से यह प्लांट शुरू करवाने का आग्रह किया था। इस पर अब केन्द्र-राज्य दोनों मिलकर सकारात्मक तरीके से आगे बढ़े हैं। उम्मीद है जल्द उत्पादन शुरू होगा।

## जगदीप ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

क्रमशः ओम बिड़ला और जगदीप धनखड़। दिलचस्प बात ये है कि धनखड़ को कृष्णकांत, भैंरोसिंह शेखावत, हामिद अंसारी और वेंकैया नायडू से भी अधिक वोट मिले, जो भी एक रिकॉर्ड है। ऐसा लोकसभा में भाजपा के भारी बहुमत के कारण हुआ।



कोटपूतली में प्रशासन ने अवैध रूप से बनी 68 दुकानें व कई इमारतों को ध्वस्त किया।

# कोटपूतली में प्रशासन ने अवैध निर्माण तोड़े

## मास्टर प्लान के तहत हुई इस कार्यवाही के पहले चरण में 68 दुकानें व अन्य इमारतें तोड़ी गई

- नगर परिषद प्रशासन ने भारी पुलिस जाप्ते के साथ सुबह 5 बजे से संरचनाएं तोड़ने की कार्यवाही की शुरू।
- कार्यवाही का विरोध करने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश गोयल सहित आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया।
- आधे शहर में बिजली पानी व इंटरनैट सेवायें ठप्प हुईं।

कोटपूतली, 6 अगस्त (निसं)। नगर परिषद प्रशासन ने कोटपूतली में मास्टर प्लान 2011 के अनुरूप कस्बे के मुख्य चौराहे से लेकर नगरपालिका तिराहा तक 80 फीट व पूर्व सिनेमा से लेकर पूतली कट तक 60 फीट सड़कों को चौड़ा करने की कार्रवाई की। इसके लिए प्रशासन सुबह करीब 5 बजे एलएनटी, जेसीबी व पोपलैण्ड मशीनों व भारी मात्रा में स्टाफ कर्मियों सहित पुलिस का अमला निर्माण हटाने के लिए पहुंचा।

शनिवार को एलबीएस कॉलेज के छात्रावास की ओर 22 दुकानों समेत पुरानी नगर पालिका तिराहे पर अग्रसेन सर्किल के पास शेखावत भवन, भरगड़ प्लाजा, कौशिक मार्केट, पुस्तक मार्केट में करीब 68 दुकानें हटाई गई। प्रशासन द्वारा गठित चारों टीमों ने एक साथ कार्यवाही कर सुबह करीब 10 बजे तक अधिकांश संरचनाओं को ध्वस्थ कर दिया था। इस दौरान कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों के व्यापारी सामान तक नहीं उठा पाये थे कि प्रशासन की अतिक्रमण ध्वस्त मशीनें इमारतों को जमींरोंध करती नज़र आईं। कार्यवाही के दौरान पहले फेज में कुल 68 इमारतों को ध्वस्थ किया गया।

इसी बीच महालक्ष्मी मिष्ठान भण्डार के पास अमृत कैलेक्शन शोरूम पर कार्रवाई चल रही थी, उसी दौरान परिषद का एक कर्मचारी अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। जैसे ही कर्मचारी के बेहोश होने की भनक प्रशासन को लगी तो अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई और आनन-फानन में उक्त कर्मचारी को एम्बुलेंस की सहायता से राजकीय बीडीएम अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान कार्यवाही यथावत जारी रही। देर रात तक प्रशासन की जेसीबी, हाईवा व ड्रिल मशीनें चलती रही। आनन-फानन में की गई कार्यवाही से जहां बिजली विभाग को भी भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है, वहीं दिनभर लोग बिजली, पानी व इन्टरनेट सेवाओं को तरसते रहे। इधर प्रशासन की कथित दमनात्मक कार्यवाही का विरोध करने पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश गोयल, एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा, एडवोकेट मनोज नारायण शर्मा, भाजपा नेता सुभाष घोघड़, भाजपा नेता प्रवीण बंसल व संघर्ष समिति के पंडित किशोरलाल नेताजी को हिरास्त में ले लिया गया। इस दौरान विरोध करने आये लोगों से प्रशासनिक अधिकारियों की तीखी नोंक-झोंक भी हुई।

लोगों का आरोप था कि प्रशासन राजनैतिक दबाव में आकर व्यापारियों के खिलाफ दमनात्मक कार्यवाही कर रहा है, जो कोटपूतली की जनता की भावनाओं पर कुठाराघात है। प्रशासनिक कार्यवाही को आमजन दो नजरिए से देख रहा है। एक तो विकास के आईने से और दूसरा विकास की जगह विनाश के आईने से। कार्यवाही के दौरान एडीएम जगदीश आर्य, एसडीएम ऋषभ मण्डल, मौका मजिस्ट्रेट तहसीलदार सूर्यकान्त शर्मा, एएसपी विद्या प्रकाश, यातायात एएसपी सुमित गुप्ता, डीएसपी डॉ. संध्या यादव, शाहपुरा डीएसपी सुरेन्द्र कृष्णियां, एसएचओ सवाई सिंह सहित पनियाला, सरूण्ड, प्रागपुरा, चंदवाजी, शाहपुरा, भाबरू समेत 8 थानों का पुलिस जाप्ता एवं एसटीएफ जवानों की पूरी कम्पनी को मिलाकर करीब 500 जवान सहित बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तैनात रहे। नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा के नेतृत्व में निर्माण हटाने की समस्त कार्यवाही की गई।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में शनिवार को करीब 68 निर्माण हटाये गये है। साथ ही स्टे वाले निर्माणों को फिलहाल छोड़ दिया गया है। अगली कार्यवाही द्वितीय चरण में स्वतंत्रता दिवस के बाद की जायेगी, जिसके लिए अलग से नोटिस भी जारी किये जायेगें। जबकि तृतीय चरण में नीलाम की गई सम्पत्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। एडीएम जगदीश आर्य ने आमजन व व्यापारियों को प्रशासन का सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया है।

गौरतलब है कि नगर परिषद द्वारा मुख्य चौराहे से अग्रसेन सर्किल व आसपास के सम्पत्ति मालिकों को शुक्रवार को ही 24 घण्टों में निर्माण हटाने के निर्देश दिये गये थे। आयुक्त फतेह सिंह मीणा ने यह भी बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट के निर्देशानुसार ही समस्त कार्यवाही पूर्णतया: शांतिपूर्ण तरीके से की गई है, जिसमें स्थानीय व्यापारियों का भी प्रशासन को भरपूर सहयोग मिला है। व्यापारियों ने स्वयं ही अपनी दुकानों को पहले ही खाली कर लिया था। परिषद द्वारा दोनों मुख्य मार्गो को मास्टर प्लान के तहत क्रमशः 80 व 60 फिट चौड़ा किया जा रहा है। आपको बता दें कि विगत दिसम्बर 2021 में भी उक्त कवायद के चलते आम नोटिस व व्यक्तिगत नोटिस के माध्यम से दोनों मार्गो को चौड़ा करने की कार्यवाही शुरू की गई थी। इसके विरोध में एक ओर जहाँ धरना प्रदर्शन शुरू हो गया था। वहीं सम्पत्ति मालिकों ने उक्त कार्यवाही को विधि विरूद्ध बताते हुए राजस्थान हाईकोर्ट में याचिकायें दायर की थी, जिस पर न्यायालय ने नगर परिषद को व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए 30 दिवस में विस्तृत एवं सकारण आदेश पारित करने व तब तक याचीगण के विरूद्ध कोई कार्यवाही ना करने के निर्देश दिये गये थे। साथ ही नगर परिषद को मौका एवं दस्तावेजों की जाँच कर भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही करते हुए प्रभावितों की मुआवजा राशि तय करने के लिए भी निर्देशित किया गया था।

## आर.सी.पी. सिंह का नीतीश की पार्टी से इस्तीफा

नई दिल्ली, 6 अगस्त। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राइड हैंड माने जाने वाले जे.डी.यू. के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.सी.पी. सिंह ने भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर जे.डी.यू. ने आर.सी.पी. सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। आर.सी.पी. सिंह पर साल 2013 से 2022 के बीच अकूत संपत्ति बनाने का आरोप है। जे.डी.यू. ने आर.सी.पी. सिंह को जारी कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि 9 सालों में आपको परिवार के नाम पर 58 प्लॉट की रजिस्ट्री हुई है। इस तरह कुल 800 कट्ठा जमीन की खरीद हुई है।



भारत की महिला पहलवान विनेश फोगाट ने बर्मिंघम कॉमनवैल्थ गेम्स में महिला 53 कि.ग्रा. वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। कॉमनवैल्थ गेम्स में यह भारत का ग्यारहवां गोल्ड है।

# नीतीश कुमार व के.सी.आर. ने प्र.मंत्री मोदी की बैठक में शामिल होने से इन्कार किया

- प्र.मंत्री मोदी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक के संबंध में मु.मंत्री के.सी.आर ने कहा, भेदभाव के कारण बैठक से हमारे राज्य को कोई फायदा होने वाला नहीं है।
- नीति आयोग की 7 अगस्त को होने वाली बैठक में फसल विविधीकरण और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होने वाली है।

नई दिल्ली, 6 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 7 अगस्त को होने वाली नीति आयोग की बैठक से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बाद अब तेलंगाना के सी.एम. के चंद्रशेखर राव ने भी किनारा कर लिया है। बैठक में हिस्सा नहीं लेने के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री राव ने कहा कि उन्हें नीति आयोग की बैठक से कोई फायदा नहीं दिख रहा है। रविवार को होने वाली नीति आयोग की बैठक में फसल विविधीकरण और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होने वाली है।

के.चंद्रशेखर राव ने कहा, मैं विरोध के रूप में कल दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की 70वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक का हिस्सा नहीं बनूंगा। इसके साथ-साथ राव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भी लिखा है, जिसमें उन्होंने राज्यों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए उनकी जरूरतों और शर्तों के आधार पर योजनाओं को डिजाइन और उसमें बदलाव किए जाने की व्यवस्था नहीं दिए जाने को लेकर केंद्र के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की है।

के.सी.आर. ने पी.एम. मोदी के लिखे पत्र में कहा है, भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में तभी विकसित हो सकता है, जब राज्यें विकसित हों। उन्होंने कहा कि मजबूत और आर्थिक रूप से जीवंत राज्य ही भारत को एक मजबूत देश बना सकते हैं।

मैं भारत को एक मजबूत और विकसित देश बनाने के हमारे सामूहिक प्रयास में राज्यों के साथ भेदभाव करने और उन्हें समान भागीदार के रूप में नहीं मानने के केंद्र सरकार के वर्तमान रुख के खिलाफ इस बैठक से दूर रहूंगा।

## धमोरा गांव...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वॉलीबाल से जुड़ा हुआ है। कप्तान दुष्यंत के अलावा टीम में अमन कुमार, जोशनुर ढींडसा, संदीप, अजय कुमार, समीर चौधरी, तनिश चौधरी, हर्षित गिरी, जिबिन जॉश, सचिन डागरी, मन्नत चौधरी, कार्तिकेयन के (लिब्रो), अजीत शेखों, सूर्यप्रकाश बंजारा (लिब्रो) को जगह दी गई है।

टीम मैनेजर कुलदीप राज मगोत्रा, चीफ कोच जेई श्रीधरन, असिस्टेंट कोच राजेश कुमार, प्रवीन शर्मा, अंतराष्ट्रीय निर्णायक शेख एजाज सिकंदर होंगे।

झुंझुनूं जिले में जाखड़ों की ढाणी को वॉलीबाल खिलाड़ियों की खान कहा जाता है। जहाँ से कई अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं और 20 से 25 राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं।

शुरू से लेकर वर्तमान तक 50 के लगभग राज्य स्तर के खिलाड़ी भी इसी ढाणी के हैं। इनमें से अधिकांश तो सरकारी सेवाओं में कार्यरत हैं।

# प्र.मंत्री व गृह मंत्री के स्पष्ट निर्देश ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भाजपा फिलहाल वरूण गांधी की उग्र आलोचनाओं को मित्रवत लेने का भाव प्रकट कर रही है। अभी हाल ही में, उन्होंने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर लगाये जा रहे उन आरोपों को लेकर निशाना साधा था, जो सरकारी कर्मचारियों की भर्ती के अभियान के दौरान, प्रश्न पत्र लीक होने के बारे में लगाये जा रहे हैं।

सरकार द्वारा उम्रदराज लोगों को रेल किराये में दी जा रही छूट को समाप्त कर देने, पैकेज्ड खाद्य पदार्थो पर जी.एस.टी. लगाये जाने तथा सशस्त्र सेनाओं में भर्ती की नई स्कीम "अग्निपथ" शुरू करने के लिये भी वरूण गांधी ने केन्द्र सरकार की कड़ी आलोचना की थी।

सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तथा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से पार्टी को विशेष निर्देश दिये गये हैं कि वरूण गांधी की अठखेलियों अनदेखी की जानी चाहिए तथा तब तक पार्टी को प्रतिक्रिया देनी चाहिए जब तक कि वे सीमा पार न कर जाएं।

लेकिन अगर वरूण गांधी को पार्टी की कीमत पर मीडिया में जगह मिलने दी जाती है तो यह पार्टी और सरकार दोनों में से किसी के हित में नहीं होगा।

जहाँ वरूण गांधी यह चाहते हैं कि पार्टी उन्हें निष्कासित करे तथा उसके बाद वे अपनी सीट को बरकरार रखें, वहीं भाजपा यह सोचकर सुरक्षित खेल खेल रही है क्योंकि वरूण के खिलाफ कोई कदम उठाये जाने से बहुत बड़ी बहस छिड़ जायेगी, क्योंकि वरूण गांधी की माँ मेनका गांधी 1990 के दशक में उस समय भाजपा में आई थीं, जब भगवा दल एल.के.अडवाणी तथा अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में गैर-आर.एस.एस. नेताओं को आमन्त्रित कर रहा था ताकि जनता में इसका प्रसार अपेक्षाकृत अधिक व्यापक स्तर पर हो सके। 65 वर्षीय मेनका गांधी जनता दल टिकट पर पीलीभीत से जीतकर विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार में राज्य मंत्री बन गई थीं। वे वाजपेयी सरकार तथा मोदी सरकार में भी 2014 से 2019 तक मन्त्री रही, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनावों में मिली जीत के बाद, वे उपेक्षित कर गईं। वे 2019 लोकसभा चुनाव सुल्तानपुर से जीती थीं।

जहाँ मेनका गांधी ने लोकसभा में अपेक्षाकृत कम मुखर रहना उचित समझा तथा वे चर्चा में यदाकदा ही भाग लेती थीं, वहीं वरूण गांधी लोकसभा में भाजपा तथा नेतृत्व पर तंज करने वाले तथा उन्हें असुविधाजनक लगने वाले प्रश्न पूछना पंसद करते हैं।




प्रियंका गोस्वामी ने कॉमनवैल्थ गेम्स में शनिवार को महिला 10 किमी. रेस वॉक (स्टीपलचेज़) में ऐतिहासिक सिल्वर मैडल हासिल किया। प्रियंका रेसवॉकिंग में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं। वे इस खेल में कॉमनवैल्थ मैडल जीतने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी भी हैं। इससे पहले, हरमिंदर सिंह ने दिल्ली 2010 कॉमनवैल्थ गेम्स की 20 किमी. रेसवॉकिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था। प्रियंका गोस्वामी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 10,000 मीटर की दूरी को 43:38 मिनटों में पूरा किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया की जेमीमा मॉनटाग ने 42:34.00 के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रियंका ने सीटी बजते ही ट्रैक पर बढ़त हासिल कर ली थी और 4,000 मीटर के बाद वो पहले स्थान पर थीं। इसके कुछ देर बाद ही वो जेमीमा और कीनिया की एमिली वामुस्यी एन्जी से पिछड़ गयीं। जब प्रतियोगिता में सिर्फ दो किमी की दूरी बची थी, तब प्रियंका ने शानदार वापसी करते हुए कीनिया की प्रतिद्वंदी को पछाड़ा और सिल्वर मैडल हासिल किया।

# पूर्व मु.मंत्री पलानीस्वामी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

निकालने के लिए पलानिस्वामी ने जिस चाल का इस्तेमाल किया वह यह कि दो नेताओं द्वारा पार्टी का संचालन करने से पार्टी कार्यकर्ताओं में भ्रम की स्थिति रहती है और पार्टी के उद्देश्य और कार्यवाही में एकजुटता की कमी रहती है। पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी में चल रहे इस गुटीय संघर्ष के दो मतलब निकलते हैं- पहला तो इसने डी.एम.के. को अपना शासन अपेक्षाकृत सुचारू रूप से चलाना सुनिश्चित किया है और दूसरा, इससे विपक्ष की जगह भी खाली हो गई और भाजपा को इसे भरने का मौका मिल गया।

और तमिलनाडू में ऐसा ही कुछ धीमे-धीमे किन्तु सुनिश्चित रूप से हो रहा है। यानी भाजपा ने विपक्ष के इस रिक्त स्थान को भरना शुरू कर दिया है। उसने भारतीय पुलिस सेवा के कर्नाटक कैडर के एक पूर्व अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडू में अपना प्रदेश अध्यक्ष बनाया है जो कि बहुत सजग और आक्रामक हैं। अन्नामलाई राज्य के एक मात्र ऐसे विपक्षी नेता हैं जो आम जनता के मुद्दे उठाकर सरकार की कलई खोलते हैं। सरकार और शासन पर उनके निरन्तर फोकस ने स्टालिन सरकार को एक तरह से बैकफुट पर ला दिया है।

केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी की स्थानीय ईकाई का प्रमुख होना, उन्हें स्थानीय राजनीति में कुछ हद तक संबल व तवज्जो प्रदान करता है, खासतौर पर जब बात छोटी पार्टियों से सौदेबाजी की हो। चूंकि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के साउथ प्लान में तमिलनाडू को महत्वपूर्ण माना गया है, इसलिए पार्टी को देखना है कि इस राज्य में राजनीति कैसे होती है, बावजूद इसके कि भाजपा यह जानती है कि उसने तो एक ऐसे राज्य में शुरूआत भर की है जहां उसे बाहरी माना जाता है और यहां उसे एक लम्बा रास्ता तय करना है।

एक बाहरी पार्टी की धारणा को समाप्त करना भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती है और उसे वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में डी.एम.के. का मुकाबला करने के लिए डी.एम.डी.के., पी.एम.के. व अन्य छोटी पार्टियों के साथ एक सशक्त गठबंधन बनाने की कार्ययोजना तैयार करनी है। पिछले आम चुनावों में डी.एम.के. राज्य की कुल 39 लोकसभा सीटों में से 38 पर जीत हासिल की थी और कांग्रेस के बाद दूसरी सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बन गई थी।

# केन्द्रीय सरकार व तमिलनाडू ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इससे भयभीत हुए बिना, तमिलनाडु के तेज तर्रार वित्त मंत्री पी. त्यागराजन ने पलटवार करते हुये कहा कि राज्य के प्रतिनिधि ने बहुत सी वस्तुओं पर जी.एस.टी. लगाने का मौखिक एवं लिखित विरोध किया था तथा उन्होंने स्वयं ने राज्य की आपत्तियों को भी लिख कर दिया था। पी.टी.आर., जिस नाम से वे जाने जाते हैं, के पास उसी समय से जी.एस.टी. का पूरा ब्यौरा है, जब पिछले वर्ष डी.एम.के. जोर-शोर से सत्ता में आई थी। उनका कहना है कि जी.एस.टी. काउंसिल की रूपरेखा में ही खामियाँ हैं तथा इसकी निर्णय प्रक्रिया में राज्यों को अपने अलग मत व्यक्त करने की कोई गुजांइश ही नहीं बची है।

जी.एस.टी. काउंसिल की वर्तमान मतदान पद्धति, जिसमें केन्द्र के 33 प्रतिशत वोट हैं, केवल केन्द्र का ही पक्ष लेती है। उन्होंने कहा कि अगर परिषद का कोई सदस्य कोई प्रस्ताव लाता है तथा केन्द्र सरकार उस पर नकारात्मक रुख अपना लेती है, तो वह प्रस्ताव वहीं समाप्त हो जाता है। जब हम केन्द्र से अनुरोध करते हैं कि पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत में जनता को राहत दो, तो जी.एस.टी.-व्यवस्था लागू होने के बाद, उस अनुरोध का यही हश्र होता है। राज्यों के पास टैक्स बढ़ाने का कोई रास्ता ही नहीं बचा है। ऐसा करने का अधिकार केवल केन्द्र के पास ही है। उन्होंने कहा कि आज केन्द्र जो एक्साइज वसूलता है, वह 2014 की अपेक्षा बहुत ज्यादा है। त्यागराजन ने एक ट्वीट में पूछा, "इसके अलावा, पेट्रोल एवं डीज़ल पर टैक्स कम किसको करना चाहिए? क्या यह काम केन्द्र सरकार को नहीं करना चाहिये, जिसने पिछले 7 वर्षों में ईंधन पर अनेक बार टैक्स बढ़ाया है? या यह काम डी.एम.के. को करना चाहिये, जिसने अब तक के इतिहास में एक बार भी ईंधन पर टैक्स नहीं बढ़ाया?

उनके पास इस बात का युक्तियुक्त कारण है कि केन्द्र प्रायः तमिलनाडु पर हमले क्यों करता है। उनके अनुसार, इसका कारण यह है कि आर्थिक मोर्चे पर तमिलनाडु का प्रदर्शन केन्द्र सरकार की अपेक्षा बेहतर है।

पी.टी.आर. ने कहा, "इस साल केन्द्रीय बजट में राजकोषीय घाटा 7 प्रतिशत है, हमारा करीब 3.5 प्रतिशत था। आज देश में महँगाई 8 प्रतिशत के आसपास है, हमारी 5 प्रतिशत के आसपास ही है। हमारी सरकार काम करने वाली सरकार है, हमारी सरकार करुणा तथा सामाजिक न्याय दर्शाती है, किन्तु उसकी बावजूद, बेहतर परिणाम देती है। और इससे दिल्ली में बैठी उपनिवेशवादी ताकतें चिढ़ती हैं। पी.टी.आर. ने अफसोस व्यक्त करते हुये कहा कि आज जब डी.एम.के. के उन्हीं सिद्धान्तों को अपना रही है, जो राज्यों के अधिकारों का समर्थन करने के लिये मोदी जी ने उस समय अपनाये थे, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो हमारे इस काम को सीधे टकराव के रूप में देखा जा रहा है।

## रिलायंस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गुरूमूर्ति ने जनवरी 2002 में दायर की थी। याचिका में शिकायत की गई थी कि 1994 में 12 करोड़ इक्विटी शेयरों के आवंटन में चालबाजी हुई थी। ये शेयर कथित रूप से आर.आई.एल. के प्रमोटरों, आर.आई.एल. द्वारा वित्त पोषित ग्रुपों एवं कम्पनियों को आवंटित कर दिये गये थे। मुख्य न्यायाधीश एन.वी.रमना, न्यायमूर्ति जे. के. महेश्वरी तथा हिमा कोहली की बैंच ने कहा कि सेबी को इस प्रकार की सूचना के कुछ हिस्सों को भी उजागर करने का कोई विशेषाधिकार नहीं है। बैंच ने कहा कि कानून ऐसे चयनित बिन्दुओं के प्रकटीकरण का कभी भी समर्थन नहीं कर सकता, क्योंकि ये साफ तौर पर "चैरी पिंकिंग" के बराबर हैं। बैंच ने सेबी को निर्देश दिये कि आर.आई.एल. को न्यायमूर्ति श्रीकृष्ण की पहली तथा दूसरी राय के साथ ही, चार्टर्ड अकाउन्टेंट वाई. एच. मालेगाम, जो सेवानिवृत जज के आदेश से नियुक्त किये गये थे, की पूरी रिपोर्ट उपलब्ध कराये।

## पानी निकासी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दिया है, ताकि नए सिरे से पाईप लाईन डालने का काम जल्द से जल्द करवाया जा सके। आयुक्त ने बताया कि गेनाणी के पास से गुजरने वाली हाईवे की सड़क के नीचे लीकेज हो गया, जिसको ठीक करने के लिए सड़क तोड़कर लीकेज निकालने का काम नगरपरिषद की टीमों द्वारा किया गया। आयुक्त ने बताया कि नया बास में ऐसे अनेक घर हैं, जिनके नीचे से पाईप लाईन गुजरती है। दरअसल 45 साल पहले जब ये पाईप लाईन गेनाणी से पानी निकासी के लिए डाली गई थी, तब इस क्षेत्र में कोई भी मकान नहीं थे। धीरे-धीरे लोग पाईप लाईन को भूल गए और बस्ती में अनेक मकान पाईप लाईन के ऊपर बन गए। नया बास स्थित घनश्याम स्वामी के घर में नींव से पानी की धार निकलने लगी और जब इस बात की शिकायत नगरपरिषद को की गई, तो पता चला कि मकान के नीचे गेनाणी से निकलने वाली पाईप लाईन है। सभापति प्रतिनिधि मोहम्मद ईदरीश गौरी, उप सभापति अमित मारोठिया ने बताया कि घरों के नीचे से पाईप लाईन के लीकेज निकालना संभव नहीं है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600